Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com || दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ कालरात्रि

नये भारत की नई सोच

शुभ नवरात्रि

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 92 | शुक्रवार, 04 अप्रैल-2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### 'स्टारलिंक को बर्गेनिंग चिप की तरह इस्तेमाल करे भारत सरकार': राघव चड्ढा



नई दिल्ली।

राज्यसभा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने भारत में अमेरिकी कंपनी स्टारलिंक की एंट्री और अमेरिका की तरफ से भारतीय सामान पर लगाए गए टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए।

चड्ढा ने स्टारलिंक को मंजूरी देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और इसके संभावित दुरुपयोग जैसे मुद्दों पर सरकार का रुख स्पष्ट करने की मांग की है। यह चर्चा उस समय हुई जब भारत सरकार स्टारलिंक को देश में ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। राघव चड्ढा ने अपने सवालों को बेहद जोरदार तरीके से संसद में रखते हुए कहा कि भारत ने हमेशा अमेरिका के प्रति अपनी दोस्ती और वफादारी दिखाई है। हाल ही में वित्त मंत्री द्वारा फाइनेंस एक्ट में संशोधन कर गूगल टैक्स यानी और इक्विलाइजेशन लेवी को हटाने का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि इससे अमेरिकी कंपनियों जैसे मेटा, अमेजन और गूगल को फायदा मिला, लेकिन भारत को लगभग 3000 करोड़ रुपये के राजस्व का घाटा हुआ।

### ट्रंप पर कनाडा का पलटवार, पीएम कार्नी बोले- अमेरिकी वाहनों पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ



टोरंटो।

■ टैरिफ के लिए जवाबी कार्रवाई करेंगे- कनाडा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर 25 फीसदी ऑटो टैरिफ लगाया है जिसको लेकर कनाडा ने भी पलटवार किया है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि कनाडा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 25 प्रतिशत ऑटो टैरिफ की बराबरी अमेरिका से आयातित वाहनों पर टैरिफ से करेगा।

ट्रंप द्वारा पहले घोषित ऑटो आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ गुरुवार से प्रभावी हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने पिछले सप्ताह ट्रंप से फोन पर बात करते हुए कहा था कि वे उन टैरिफ के लिए जवाबी कार्रवाई करेंगे। कार्नी ने कहा कि हम ये कदम उठाना नहीं चाहते थे लेकिन हमें अब यह कदम उठाना पड़ रहा है। आगे बोले कि इससे अमेरिका में अधिकतम प्रभाव पड़ेगा और कनाडा में न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। कार्नी ने कहा कि कनाडा ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ नहीं लगाएगा जैसा कि ट्रंप ने लगाया है, क्योंकि उन्होंने कहा कि कनाडाई एकीकृत ऑटो सेक्टर के लाभों को जानते हैं। ओंटारियो या मिशिगन में पूरी तरह से असेंबल होने से पहले पार्ट्स कई बार कनाडा-अमेरिका सीमा पर आते-जाते रहते हैं। कार्नी ने कहा कि कनाडाई पहले से ही इसका प्रभाव देख रहे हैं। ऑटोमेकर स्टेलेंटिस ने कहा कि उसने कनाडा के विंडसर में अपने असेंबली प्लांट को 7 अप्रैल से दो सप्ताह के लिए बंद कर दिया है, स्थानीय यूनियन ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। यूनिफोर लोकल 444 के अध्यक्ष जेम्स स्टीवर्ट ने कहा कि आने वाले हफ्तों में शेड्यूल में और बदलाव की उम्मीद है।

## राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा में बोले जेपी नड्डा

# '2013 से माफिया खा रहे थे वक्फ संपत्ति की मलाई'

नई दिल्ली।



वक्फ संशोधन विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान भी सत्ता पक्ष और विपक्ष अपना-अपना मोर्चा संभाले रहे। भाजपा के वक्ताओं ने न सिर्फ विधेयक के कानूनी पहलुओं को समझाने का प्रयास किया, बल्कि विपक्ष को भी जमकर आड़े हाथों लिया। राज्यसभा में नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि 2013 से 2025 तक वक्फ संपत्ति का जमकर दुरुपयोग हुआ, माफिया ने मलाई खाई। कांग्रेस पर तंज कसा कि उसे मलाईखोरों से दूर रहना चाहिए, हालांकि आदतन यह मुश्किल है। वहीं, सांसद डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने तीखे तेवर दिखाते हुए आरोप लगाया कि फिल्मी गुंडों की तरह वक्फ के नाम पर संपत्तियों को हड़पा गया। सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि हम हिंदू हैं, हमने लगातार अपने समाज की बुराइयों के विरुद्ध संघर्ष किया है। इतिहास गवाह है कि हमारे यहां सती प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियां थीं, उन्हें अधिनियम लाकर खत्म किया। आश्चर्य होता है कि गरीब मुसलमान की बेहतरी के लिए 75 साल में एक भी सुधार आंदोलन को सदन में नहीं लाया गया ₹जैसे फिल्मों में गुंडे होते थे, उसी तरह भू माफिया ने काम किया। जिस जमीन पर हाथ रख दिया, वह वक्फ की हो गई। जदएस से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए प्रश्न पूछा कि 40 वर्ष तक साथ देने के बाद मुस्लिमों ने कांग्रेस का साथ क्यों छोड़ दिया?₹ सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल इसी तरह एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने भी कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट को आड़े हाथों लिया। पाकिस्तान का नाम लिए बिना बोले कि मजहब के नाम पर बने मुल्क की हालत क्या हो गई। आज सेक्युलर भारत तो विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया। तीसरे नंबर पर लाने के लिए सबको आगे बढ़ाना होगा। शिवसेना उद्धव गुट की ओर इशारा करते हुए बोले कि अभी जो वक्ता बोलकर गए, उनके नेता कहते थे कि बाबरी मस्जिद यदि किसी ने गिराई है तो मेरे शिवसैनिकों ने गिराई है। मुंबई में बड़े मुस्लिम दंगे और नरसंहार किसने किए, किसने कराए? फिर कांग्रेस व अन्य विपक्षियों की ओर मुखातिब होते हुए प्रफुल्ल पटेल ने चुटकी ली- यह आप लोगों को सोचना चाहिए कि आज किसके साथ बैठे हैं। सत्ता लेने के लिए आपने भी उनके साथ हाथ मिला लिया। तब आपको भारत का संविधान, भारत के मुसलमानों का विचार नहीं आया।

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष को लिया आडे.हाथ

वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि क्या वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग नहीं रुकना चाहिए? क्या वक्फ बोर्ड जवाबदेह नहीं होना चाहिए? नड्डा ने विपक्ष को सलाह दी कि वोटबैंक की राजनीति से बाहर निकलना चाहिए। सब जानते हैं कि पिछले 70 साल में किन लोगों ने मुस्लिमों को अलग रखा? किसने उन्हें डरा कर रखा? यह तंज भी कसा कि आप संविधान जेब में रखते हैं, हम पढ़ते हैं।

### शतक के साथ सत्र का आगाज करने वाले ईशान किशन का बल्ला तीन पारियों में खामोश

**कोलकाता।** सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गुरुवार को एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्हें वैभव अरोड़ा ने पारी के तीसरे ओवर में अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ दो रन बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गुरुवार को एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्हें वैभव अरोड़ा ने पारी के तीसरे ओवर में अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ दो रन बना सके। आईपीएल 2025 का 15वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच कोलकाता के इकाना स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में गत विजेता टीम ने 201 रन का लक्ष्य तैयार किया। जवाब में हैदराबाद 16.4 ओवर में 120 रन ही बना सकी। इस तरह केकेआर ने यह मैच 80 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने इस सत्र के अपने पहले मैच में शतक के साथ आगाज किया था। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 106 रनों की नाबाद पारी खेली थी। किशन ने महज 45 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला शतक इसी मैच में बनाया था।

### कोलकाता नाइट राइडर्स ने हैदराबाद को 80 रन से दी मात

नई दिल्ली।



अपने बेहतरीन खेल के दम पर गुरुवार को आईपीएल 2025 के 15वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को अपने घर ईडन गार्डन्स में 80 रनों से रौंद दिया। वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह की बेहतरीन पारियों के दम पर केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए। जिसके जवाब में हैदराबाद 16.4 ओवरों में 120 रनों पर ही ढेर हो गया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने बेहतरीन खेल के दम पर गुरुवार को आईपीएल 2025 के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को अपने घर ईडन गार्डन्स में 80 रनों से रौंद दिया।

### 'ओवैसी की भाषा बोल रहे हैं उद्धव ठाकरे': एकनाथ शिंदे

नई दिल्ली।



मीडिया से बात करते हुए शिंदे ने इसे उनका सबसे बड़ा अपराध बताया। शिंदे ने कहा कि इसका विरोध करके यूबीटी ने अपना असली चेहरा उजागर कर दिया है। यह साबित हो गया है कि उन्होंने हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को पूरी तरह त्याग दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए निशाना साधा और उन पर हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को त्यागने का आरोप लगाया। मीडिया से बात करते हुए शिंदे ने इसे उनका सबसे बड़ा अपराध बताया। शिंदे ने कहा कि इसका विरोध करके यूबीटी ने अपना असली चेहरा उजागर कर दिया है। यह साबित हो गया है कि उन्होंने हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को पूरी तरह त्याग दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे असदुद्दीन ओवैसी की भाषा बोल रहे हैं। वक्फ बोर्ड को विरोध करके यूबीटी ने अपन असली चेहरा सामना लाया है, यह दुर्भाग्यपुर्ण है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह 2019 में हुए विश्वासघात से भी बड़ा अपराध है जब उन्होंने (उद्धव ठाकरे ने) बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को त्यागकर 2019 में कांग्रेस के साथ सरकार बनाई थी। उन्होंने ठाकरे के नेतृत्व की आलोचना करते हुए उन्हें भ्रमित बताया। उन्होंने कहा, ₹उद्धव ठाकरे पूरी तरह से भ्रमित हैं।

### बीजद के अचानक लिए फैसले से बदला राज्यसभा का गणित

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया। सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का जबरदस्त समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में 288 सांसदों ने वोट किया। वहीं, इसके विपक्ष में 232 वोट पड़े। इसके साथ ही विधेयक के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में भी पेश कर दिया। हालांकि, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 की असल परीक्षा इसी सदन में मानी जा रही है। दरअसल, राज्यसभा में एनडीए का बहुमत जरूरी संख्या पर ही स्थिर है। ऐसे में गठबंधन के किसी भी दल के किसी भी सांसद का इधर-उधर होना विधेयक को पास कराने की राह में रोड़ा बन सकता है।



### थाईलैंड में एस जयशंकर बोले

## 'हर क्षेत्र को अपने हितों का रखना होगा ख्याल'



नई दिल्ली।

दुनिया की सबसे बड़ी इकोनमी अमेरिका की नई सरकार ने पारस्परिक शुल्क लगा कर जिस तरह से वैश्विक माहौल को चुनौतापीर्ण बनाया है, उस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी परोक्ष संकेत किया है। थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में बिम्सटेक देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने मौजूदा वैश्विक माहौल को अस्थिर और वैश्विक व्यवस्था में मंथन होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने विकासशील देशों को खास तौर पर सावदान किया है और सभी क्षेत्रों को अपने आपका ख्याल रखने की बात कही है। बिम्सटेक संगठन (बे ऑफ बंगाल इनिसियटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्नीकल व इकोनोमिक कोऑपरेशन) की शिखर सम्मेलन शुक्रवार को होगी। पीएम नरेन्द्र मोदी इसमें हिस्सा लेंगे। शिखर सम्मेलन से पहले की बैठक में भारत, भूटान, म्यांमार, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और थाईलैंड के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया है।

# थाइलैंड के पीएम ने किया त्रिपिटक भेंट



नई दिल्ली।

सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कूटनीति के एक महत्वपूर्ण क्षण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा द्वारा द वर्ल्ड टिपिटकाः सज्जया फोनेटिक एडिशन भेंट किया गया। टिपिटका (पाली में) या त्रिपिटक (संस्कृत में) भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का एक प्रतिष्ठित संकलन है, जिसमें 108 खंड शामिल हैं और इसे प्रमुख बौद्ध धर्मग्रंथ माना जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बैंकॉक के गवर्नमेंट हाउस में थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनावात्रा की मौजूदगी में भारत और थाईलैंड ने सहमति पत्रों का आदान-प्रदान भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर आज थाईलैंड पहुंचे। उनके आगमन पर, उप प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट ने मोदी का स्वागत किया। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कूटनीति के एक महत्वपूर्ण क्षण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा द्वारा द वर्ल्ड टिपिटकाः सज्जया फोनेटिक एडिशन भेंट किया गया। टिपिटका (पाली में) या त्रिपिटक (संस्कृत में) भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का एक प्रतिष्ठित संकलन है, जिसमें 108 खंड शामिल हैं और इसे प्रमुख बौद्ध धर्मग्रंथ माना जाता है।

**पीएम मोदी बोले- बुद्ध भूमि भारत की ओर से इसे हाथ जोड़ कर स्वीकारा**

# सच्ची तौबा से खुलते हैं रहमत के दरवाजे: मुफ़्ती महमूद आलम

वेलकम इंडिया,लईक सैफी



**टाण्डा जिला रामपुर।** बुधवार की रात नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा स्थित मस्जिद मआरिफ में एक रूहानी और इस्लाही जलसे का इनइकाद किया गया। जलसे का आगाज मशहूर कारी मंसूर अहमद की पुरअसर तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक और कारी जुल्फिकार की पुरखुलूस नात-ए-पाक से हुआ, जिसने मजलिस को नूरानी बना दिया। जलसे से खिताब करते हुए इमाम-ए-शहर मौलाना मुफ़्ती महमूद आलम ने तौबा की अहमियत पर तफसीली रोशनी डालते हुए फरमाया कि इंसान खता का पुतला है, लेकिन अल्लाह की जात बड़ी करीम और रहीम है। अगर कोई गुनाह हो जाए तो उसे छोड़कर सच्चे दिल से अल्लाह की बारगाह में रुजू करें, शर्मिंदगी का इजहार करें और पुख्ता इरादा करें कि दुबारा इस गुनाह की तरफ न जाएंगे। उन्होंने फरमाया कि अल्लाह की रहमत उसके गजब पर भारी है और सच्चे दिल से की गई तौबा को वह कुबूल करता है। मुफ़्ती साहब ने आगे कहा कि हुकूकुल्लाह (अल्लाह के हुकूक) तो तौबा से माफ हो जाते हैं, मगर हुकूकुल इबाद (बंदों के हुकूक) सिर्फ. वही शख़्स माफ करेगा जिसके साथ ज्यादती की गई हो। उन्होंने लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि किसी को हक ीर या जलील मत समझो, क्या पता उसका अल्लाह से कैसा ताल्लुक हो। जलसे की सदारत मौलाना मोहम्मद रिजवान ने की, जबकि निजामत के फराइज मौलाना अजहद ने अंजाम दिए। इस मौके पर मौलाना मुबीन अहमद, मौलाना शरीफ अहमद, मौलाना कासिम, मशहूर शायर व अदीब जाहिद टांडवी, मौलाना काशिफ, मौलाना फिरासत, कारी नफासत, सईद रहमानी, अहसान उल हक, कारी शाहिद, हाजी जमील, हाजी फुरकान और मौलाना अब्दुल रब समेत दीगर मजहबी और समाजी शख्सियात मौजूद रहीं।

# पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

**हाथरस।** अवैध शराबबंदी के खिलाफ अभियान को ध्यान में रखते हुए सदर कोतवाली पुलिस और आबकारी टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब के 20 ट्रेटा पैंक, दो हाफ मैकडवल नौ क्वार्टर मेकडवल, दो रायल स्टैग क्वार्टर बरामद हुए है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम मोनू पुत्र वीरेन्द्र निवासी मोहल्ला माहीयान रोडबेज बस स्टैण्ड के पास थाना कोतवाली नगर बताया है। आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत अभियान में चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी गिरीश चंद्र गौतम और आबकारी निरीक्षक क्षितिज कुमार क्षेत्र 2 सदर के नाम शामिल हैं।



# शतरंज में स्वप्निल पटेल और कैरम में मनोज पाल बने विजेता



वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतर संकाय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों की शतरंज और कैरम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों का आज आयोजन किया गया। सभी मैचों में प्रतिभागियों के बीच रोमांचक तरीके से कड़ी प्रतिस्पर्धा रही और प्रतिभागियों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। शतरंज के पहले सेमीफाइनल में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के आदित्य यादव ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के अभिषेक यादव को हराकर एवं दूसरे सेमीफाइनल में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के स्वप्नीत पटेल ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के ही सुयश तिवारी को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।फाइनल में स्वप्नीत पटेल विजेता और आदित्य यादव उपविजेता रहे। इसी क्रम में कैरम प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के मनोज पाल मैकेनिकल इंजीनियरिंग के ही हेमंत कुमार को हराकर तथा दूसरे सेमीफाइनल में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के अभिषेक यादव मैकेनिकल इंजीनियरिंग के नयन नायक को हराकर फाइनल में पहुंचे। फाइनल मुकाबले में मनोज पाल विजेता एवं अभिषेक यादव उपविजेता रहे।

निदेशक प्रो डी के भट्ट एवं संकायाध्यक्ष प्रो एम एम सिंह ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को बधाई दी। खेल समन्वयक डॉ सत्येन्द्र उपाध्याय ने सभी का आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि इसी क्रम में छात्र छात्राओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 04 अप्रैल को होगा। इस दौरान प्रशांत सोलंकी, विशाल आर्य, जितेंद्र वर्मा, रजत कुशवाहा, धीरेन्द्र साहू, हर्ष मिश्रा, दर्शन आदि उपस्थित रहे।

# आलमपुर जाफराबाद में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** विकास क्षेत्र आलमपुर जाफराबाद बरेली में प्राथमिक शिक्षक संघ/जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वाधान में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी और सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश कुमार वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर, अध्यक्षता रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश सिंह चौहान जिलाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री उ0 प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इस वर्ष सेवानिवृत्त विगत कई वर्ष से ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव, अमिता टंडन, आसमां परवीन को शाल उढ़ाकर और विभिन्न उपहार सहित सम्मानित कर विदाई दी गयी। ब्लॉक के तमाम अध्यापकों द्वारा भी सभी को उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन द्वारा रिक्त ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर अमित कुमार सिंह एवं ब्लॉक मंत्री पद पर अरुण कुमार पांडेय को मनोनीत किया गया। सभी शिक्षकों द्वारा हर्ष व्यक्त कर माल्यार्पण कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। जिस पर नवीन अध्यक्ष मंत्री द्वारा उपस्थित सभी का आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी आलमपुर मुकेश कमल भारती, शिव स्वरूप शर्मा जिलामंत्री, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रामदास गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, महेश पंत, करुणाकर वर्मा, भगवान शरण, राम कुमार, राजेश मिश्रा, राजेश कुमार शर्मा, सुनील शर्मा, अरविन्द्र गुर्जर, राकेश कुमार, सचिन शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, आर्येन्द्र सिंह, तेजपाल सिंह, विजय कुमार सिंहअध्यक्ष क्यारा, रोहित सिंह मंडल मीडिया प्रभारी, संजय शर्मा क्यारा मंत्री, सचिन मुरारी शर्मा अध्यक्ष मीरगंज, के0के0 शर्मा, प्रकाश गुपता, संजीव सिंह, अमित कुमार, ज्ञान स्वरूप, प्रमोद कुमार, अतर सिंह, विकल्प सक्सेना, सारिका सक्सेना, किरण राणा, रजेश्वरी मौर्य, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष सुमन माथुर, सोनम गुप्ता, सुमन सागर, नीरज सागर, अरविन्द चौहान, आशीष शर्मा, बृजेश दीक्षित, सुरेश चंद्र, जयगोपाल, हेमेंद्र कुमार, हेमंत कुमार, नितिन बिहारी, शरद दीक्षित, माधुरी शर्मा, रुचि मिश्रा, धीरज उपाध्याय, अंकित राज, अंशुल शर्मा, चंद्रपाल सिंह, राघव उपाध्याय, वेद प्रकाश, आफताब आलम, अमरीश सिंह, नरेश एवम बहुत भारी संख्या में ब्लॉक के शिक्षक उपस्थित रहे।

# विद्युत लोको शेड, झांसी को मिला सर्वश्रेष्ठ शेड अवॉर्ड

वेलकम इंडिया




**झांसी !** उत्तर मध्य रेल, महाप्रबंधक उपेन्द्र जोशी द्वारा मंडल रेल प्रबंधक झांसी की उपस्थिति में झांसी लोको शेड के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता ठ ङ मिश्र को ठउफ जोन का सर्वश्रेष्ठ शेड अवॉर्ड शील्ड प्रदान की गई, सभी अधिकारियों एवम कर्मचारियों द्वारा शील्ड के शेड आगमन पर ढोल बाजो के साथ स्वागत किया गया, एवम्सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिष्ठान वितरण किया।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता ठ ङ मिश्र ने बताया कि शेड में वर्तमान में चल रहे कर्मचारी प्रोत्साहित ऊर्जावान कार्यक्रमों से कर्मचारियों में नई ऊर्जा का प्रवाह आया है, जो कि हर मुकाम के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसी कारण जोन में झांसी शेड प्रथम स्थान पर आया है।

इस ऐतिहासिक पल में उपस्थित मंडल विद्युत अभियंता नागेन्द्र तिवारी, सहायक मंडल विद्युत अभियंता सचिन चौरसिया, वरिष्ठ खंड अभियंता शंकर प्रसाद अनुरागी, गजेन्द्र साहू, राजेंद्र सिंह परिहार, रामरूप मीना, अतुल मिश्रा, बृजेश चंद भारती, अक्षेंद्र सिंह यादव, महेश कुशवाहा, जी के डी श्रीवास्तव, बलजीत सिंह भोगल, राहुल गोस्वामी, चेतन प्रकाश खरे, रमन, अंजू शर्मा, अंजू सचान, गायत्री, प्रतीक साहू, जनार्दन सिंह, जे बी खरे, अशोक शाक्य, शिवप्यारे, सेनापति, आरिफ मोहम्मद, आशीष सारस्वत, प्रवीण लखेरा, इंद्रजीत, राधेश्याम राजपूत, रजनी पांडेय, विश्वास शर्मा, बी के दास, राकेश वर्मा, रोशन निरविरिया, पंकज रैकवार, डालचंद, मनीष मिश्रा, मनीष पस्तोर, रोशन निरवरिया, शैलेन्द्र रावत, दीपक संसिया, धीरज प्रजापति, आशीष शर्मा, पंकज कुशवाहा, दीपक अहिरवार, अश्वनी बेलवांकर, सुभाष चौधरी, सौरभ, राहुल लक्षकार, संजय साहू, दीपक, अंकुश परिहार, रोहित भारद्वाज, लक्ष्मीकांत साहू, आदि उपस्थित रहे।

सभा के अंत में शेड कल्याण समिति सचिव मधुर पांडेय ने आभार व्यक्त किया।

# नगर निगम ने बिना नक्शे के चल रहा निर्माण कार्य किया सील



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)**: बिना नक्शे के निर्माण को लेकर नगर निगम ने न्यू ऋषि नगर जगजीवन नगर में चल रहे निर्माण पर कार्रवाई करते हुए सील किया। जेई मंदीप ने बताया कि इसकी शिकायत मिली थी जिसको लेकर भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब सात दिन में देना था। परन्तु भवन मालिक के द्वारा दी गई समयअवधि के दौरान जवाब न देने पर नगर निगम की टीम ने वीरवार को कार्रवाई करते हुए भूमितल पर अवैध निर्माण को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार की गई हैं। टीम में जेई विकास पूनिया, जेई मनजीत हुड्डा, सोनू व सुनील मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने घर के बाहर खेल रहे मासूम को कुचला मौत

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** चोला थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर रिठौरी निवासी करीब ढाई वर्षीय बालक लड्डू उर्फ ऋषि को घर के बाहर खेलते समय गांव निवासी ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने रौंद दिया। हादसे में बालक की मौत हो गई। परिजनों ने शव को गांव ले जाकर हंगामा किया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली को तो कब्जे में ले लिया है, लेकिन आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर रिठौरी निवासी कर्मवीर सिंह दिल्ली में नौकरी करते हैं। वह प्रतिदिन गांव से ही दिल्ली



आना जाना करते हैं। घर में उनकी पत्नी, बच्चे व अन्य लोग साथ में ही रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उनका करीब ढाई वर्षीय पुत्र लड्डू उर्फ ऋषि घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव निवासी नरेंद्र सिंह वहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर निकल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी ट्रैक्टर चालक उस समय फोन पर बातचीत कर रहा था। तभी उसने घर के बाहर खेल रहे लड्डू को कुचल दिया। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग निकला। गमगीन परिजन और पड़ोसियो के शोर शराबा होने पर ग्रामीण व परिजन मौके पर दौड़े और लहुलुहान हालत में लड्डू को बुलंदशहर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत के बाद गुस्साए परिजन व ग्रामीण शव को गांव लेकर पहुंचे। जहां, उन्होंने आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# आज टांड नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** शुक्रवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की टेस्टिंग एवं मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ शिवम सिंह ने देते हुए बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की टेस्टिंग एवं मेंटेनेंस का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यह मेंटेनेंस कार्य विद्युत

> शुक्रवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की टेस्टिंग एवं मेंटेनेंस कार्य के कारण बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।
> –शिवम सिंह, एसडीओ टाण्डा

आपूर्ति को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक है। एसडीओ शिवम सिंह ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे असुविधा से बचने के लिए आवश्यक तैयारियां कर लें, जैसे पानी आदि का अग्रिम स्टॉक रख लें।

# ऑपरेशन शिकंजाह्व पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र के अपराधियों का किया सत्यापन और शांति-व्यवस्था बनाने का पढाया पाठ

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) आप्रेरेशन शिकंजाह्वअभियान के तहत पुलिस द्वारा गौकशी के अभियोग से सम्बन्धित कुल 52 अपराधियों का सत्यापन किया गया। पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों द्वारा टीमे बना कर अपराधियों के सत्यापन की कार्यवाही की गयी। जिनके द्वारा दिनांक 2-3 अप्रैल 2025 की रात्रि मे गौकशी की घटनाओं में पूर्व में संलिप्त-आदतन कुल 52 अपराधियों की उनके निवास स्थान पर जाकर सत्यापन करते हुये चेकिंग की गई है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद में कानून-शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के क्रम में ह्वऑपरेशन शिकंजाह्व अभियान चलाकर जनपद के चोरी, लूट, नकबजनी, गौकशी आदि आपराधिक घटनाओं में संलिप्त-आदतन अपराधियों की चैकिंग-निगरानी की जा रही है। जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारी-चौकी प्रभारी-हल्का प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के गौकशी की घटनाओं में संलिप्त-आदतन अपराधियों को चैक कर आवश्यक हिदायत देते हुये विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे पूर्व में गौकशी की घटनाओं में संलिप्त कुल 52 थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा छह थाना कोतवाली नगर द्वारा छह थाना सिकंद्राराऊ द्वारा 22, थाना हाथरस जंक्शन द्वारा तीन थाना हसायन द्वारा पांच थाना सादाबाद द्वारा पांच थाना मुरसान द्वारा दो थाना चंदपा द्वारा एक व थाना सहपऊ द्वारा दो अपराधियों के निवास स्थान पर जाकर चेकिंग कर उनकी दैनिक गतिविधियों पर नजर रखते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। साथ ही चेकिंग के दौरान जनपद में ऐसे अपराधी जो अभी भी अपराध करने में सक्रिय हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। चेकिंग के दौरान जो अपराधी अभी भी अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाते है अथवा लगातार अपराध कर रहे हैं

# नया वित्तीय वर्ष शुरू होते ही शराब व्यवसायी और सेल्समैन ओवर रेटिंग से मालामाल होने की जुगत में

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ होते ही जनपद में अंग्रेजी शराब की दुकान में विभिन्न ब्रांड के शराब की बोतलों में अंकित प्रिंट रेट से अधिक दामों पर शराब चबेचने का खेल शुरू हो गया है।जहां जिले में बारों को रिनवल का आदेश नही मिल पाने से अधिकांश बार बन्द हो गए हैं, ऐसे में शराब कारोबारी आबकारी विभाग और पुलिस और जिला प्रशासन के भय से अनजान होकर धड़ल्ले से पव्वे, हाफ ओर बोतलों में ग्राहकों से खुलेआम ओवर रेटिंग कर रोजाना लाखो के बारे न्यारे कर रहे हैं।ऐसे में जिम्मेदार विभाग भी नियमानुसार दुकानों में ओवर रेटिंग रोकनेमें नाकाम साबित हो रहा है, सूत्रों के आधार पर लोग उसे सिस्टम और शराब का काला कारोबार करने वालों के बीच सांठगांठ होने के आरोप लगा रहे हैं।वही पुलिस और प्रशासन को भी इसके लिए जिम्मेदार बताते हुए फ्री की शराब और आबकारी नियमों को हवा हवाई लेने वालों पर उन्हें कुछ सरकारी महकमे में जुड़े हुए लोगों का संरक्षण होने की बात करते नजर आ रहे हैं।लोगों ने इसे सिस्टम में जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी, पकड़ धकड़ के नाम पर छोटे छोटे गरीब तबके के लोगों पर कार्रवाई कर कागजों में अवैध नशे के खिलाफ सख्ती दिखाने की एक रणनीति की बातें करते सुनाई दिए लोग। वही जिले में सभी विदेशी दुकानों का लाइसेंस रिन्यू करने के बाद1 आबकारी विभाग गत वर्ष की बची शेष शराब की विक्री भी कर नए वित्तीय दर पर शराब को विक्री होने देगा या रोकेगा, इसको लेकर भी शंसय बना हुआ है। शराब के शौकीनों को नया वित्तीय वर्ष लगने से पूर्व भी शराब के सस्ता होने की उम्मीद थी पर पूर्व के आधार पर दुकानों का पंजीयन होने पर जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से नए वित्तीय वर्ष की शराब के बैच नम्बर टैग के साथ शराब की विक्री के आदेश शराब के अनुज्ञापियों को देने कीअपील करते हुए पुराने वित्त वर्ष की शराब की विक्री पर रोक लगाने हेतु चेकिंग अभियान चलाने की मांग जिलाधिकारी से की है। वही जहां बार बंद होने से शराब की दुकानों में ओवर रेटिंग रोकने, शराब की काला बाजारी कर अवैध रूप से गांवों में शराब की खेप बेचने वालों पर नकेल कसने के लिए चेकिंग अभियान तेज करने की मांग भी की जाने लगी है।बार बंद होने की स्थिति में शराब कारोबार से जुड़े कारोबारी और सेल्समैन अधिक मुनाफा कमाने के लिए बागेश्वर देशी व विदेशी शराब की दुकान के सेल्स मैनों ने ओवर रेटिंग भी शुरू कर दी है।जबकि आबकारी विभाग इस ओर आंखें मूंदे हुए है। शिकायत के बाद भी आबकारी विभाग मात्र जांच की बात कह कर इसे टाल रहा है।

# नवाबों की नगरी में करण जौहर के त्यानी ज्वैलर्स ने की भव्य शुरूआत

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** धरोहर और शिल्पकला के अनंत उत्सव और भारत भर में उत्कृष्ट ज्वेलरी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए करण जौहर के त्यानी ज्वैलर्स ने लखनऊ में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया।इस लॉन्च के साथ त्यानी ने अवध की सांस्कृतिक धरोहर के हृदय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां विरासत की शिल्पकला और आधुनिक कृत्रिमता का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया गया है।

हजरतगंज में स्थित इस स्टोर ने स्टार स्टडेड इवेंट के दौरान हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया और जल्दी ही शहर की चर्चा का विषय बन गया।उन्होंने यह भी बताया है कि न्यू एज वूमेन के लिए हल्की नई डिजाइन बनाते है 18 एवं 22 कैरेट गोल्ड पर ही डिजाइन बनाई जाती है। प्रायोरिटी के लिए कस्टमर को सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।व्हाइट येलो रोज गोल्ड का डिजाइनर तैयार की जाती है।मेहमानों को त्यानी की प्रसिद्ध चाँदबाली, जटिल ब्राइडल सेट्स, और आधुनिक डेली-वियर क्लासिक्स सहित ज्वेलरी का एक विस्तृत प्रदर्शन देखने को मिला।इस अवसर पर, त्यानी ज्वेलरी के निमार्ता करण जौहर ने कहा, लखनऊ में धरोहर और कला की अप्रतिम सराहना है। त्यानी ज्वेलरी इस मूल तत्व का उत्सव है।हम बहुत खुश हैं कि हम अपने हस्तनिर्मित संग्रह को एक ऐसे शहर में पेश कर रहे हैं जो वास्तव में कालातीत सुंदरता को समझता और सराहता है।

उत्साह को और बढ़ाते हुए, महीप कपूर, जिन्होंने लखनऊ संग्रह को तैयार किया, ने कहा, त्यानी का मतलब है कालातीत पोल्की, जिसमें एक समकालीन मोड़ है। ब्राइडल मास्टरपीस से लेकर आसान रोजमर्रा की ज्वेलरी तक, हमारे पास लखनऊ की हर महिला के लिए कुछ खास है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार अधिवक्ता की दर्दनाक मौत परिवार में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़/बाबूगढ़** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुचेसर फ्लाई ओवर के ऊपर अज्ञात वाहन बाइक सवार अधिवक्ता को टक्कर मारकर हुआ फरार अधिवक्ता की सड़क हादसे में हुई मौत से परिवार में मचा कोहराम।

बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव फरीदपुर गौसाई निवासी 30 वर्षीय अधिवक्ता प्रशांत गिरि पुत्र राकेश गिरि हापुड़ से बाइक पर सवार होकर अपने गांव फरीदपुर गोसाई आ रहे थे। जैसे ही वह कुचेसर चौपला फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचे।तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के साथ अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अधिवक्ता को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाबूगढ़ पुलिस ने मृतक अधिवक्ता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अज्ञात वाहन की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। वही इस घटना को लेकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है कि अज्ञात वाहन की गहनता से जांच कराई जा रही है।और मामले का जल्द खुलासा कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चों बच्चों की कहासुनी को लेकर दो पक्षों में पथराव पुलिस ने चार महिलाओं को हिरासत में लेकर मामले की जांच की शुरू



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ सिंभावली/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव वैट में बच्चों बच्चों की आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हुआ पथराव। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चार महिलाओं को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गमीनत रही की पथराव में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने यदि इस मामले में जरा सी भी लीपा पोती की तो हो सकती दोबारा खागोई जैसी घटना। वहीं दूसरे मामले में हिम्मतपुर के कुछ लोग नवादा गांव में तोरी तोड़ने के लिए गए थे जिसको लेकर विवाद हो गया और दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। वही मारपीट में कार्यवाही को लेकर ग्रामीणों की भीड़ भी नजर आई।

क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं चरम सीमा पर चल रही हैं जो थमने का नाम नहीं ले रही है।

# लकड़ी माफियाओं के हौसले हुए बुलंद दिन दहाड़े काटे शीशम के आधा दर्जन पेड़

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद विकासखंड क्षेत्र में के गांव खदाना में ब्रष्पतिवार को लकड़ी माफियाओं ने बेशकीमती शीशम के पेड़ो को काट डाला। शीशम के आधा दर्जन पेड़ो को धराशाही कर माफिया लकड़ियों को उठा ले गए। हैरानी की बात यह है कि वन विभाग व पुलिस द्वारा कोई कारवाई नहीं होने के कारण लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार करवाई करने के बजाए टाल मटोल कर रहे हैं।विकासखंड जहांगीराबाद से जुड़े गांवों में अवैध रूप से आरा मशीन चल रही है। संचालक लकड़ी के लिए इलाके में हरे पेड़ो की बलि चढ़ा रहे हैं।जिसके चलते आसपास के शीशम सहित अन्य बेशकीमती बाग बगीचे समेत सड़कों किनारे लगे पेड़ो को गायब करने में लगे हुए हैं। स्थानीय जानकारी के अनुसार ब्रष्पतिवार को लकड़ी माफियाओं ने शीशम के हरे पेड़ो पर आरी मशीनें और कुलाड़ी चटकाते हुए करीब आधा दर्जन शीशम के पेड़ो को धराशाही कर दिया। जिसकी लकड़ियों को उठा कर ले गए। राजस्व को रोज लग रहे पलीता में वन विभाग द्वारा करवाई नहीं होने से आए दिन बेशकीमती पेड़ों की संख्या कम हो रही है। लकड़ी के अवैध कटान की वन विभाग को जानकारी होते हुए भी जिम्मेदार कारवाई करने के बजाए मामले को टाल मटोल कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि यदि इसी प्रकार बेशकीमती शीशम सहित अन्य पेड़ो पर लकड़ी माफियाओं की कुलाड़ी चलती रही तो प्रकृति की हरियाली पर बहुत बड़ा संकट खड़ा होना तय है, अब देखना यह है, कि लकड़ी माफियाओं पर कारवाई न होना वन विभाग की मिलीभगत या फिर लकड़ी माफियाओं का दबाव वन दरोगा कमल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है मौके पर जाकर जांच कर ली गई है, शुक्रवार को मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

मामला संज्ञान में है मौके पर टीम भेज दी गई है जांच कराकर आवश्यक कारवाई की जाएगी किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।
**-डी फ ओ विनीता सिंह बुलंदशहर**

# जिले मे पंचायत भवन निर्माण हेतु भू स्वामी से भूमि दान या क्रय होगी भूमि

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**दिनांक 03 अप्रैल 2025 प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने बताया है कि पंचायती राज उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, उन ग्राम पंचायतों में आबादी के निकट स्थल व आवागमन की सुलभता वाले मार्ग के समीप 500 वर्ग मीटर अथवा यथा आवश्यक निजी भूमि क्रय किये जाने के निर्देश प्राप्त हुआ है।उन्होने बताया है कि 06 ग्राम पंचायतां में पंचायत भवन निर्माण के सम्बन्ध में भू-स्वामियों से दान/क्रय किया जाना है उनमें विकास खण्ड बेलखरनाथधाम के ग्राम पंचायत मकरामनभौना व कांपा मधुपुर, पट्टी के ग्राम पंचायत दशरथपुर, आसपुर देवसरा के ग्राम पंचायत अकारीपुर, शिवगढ़ के ग्राम पंचायत जयरामपुर व मानधाता की ग्राम पंचायत मधुपुर सम्मिलित है। क्रय की जाने वाली भूमि निर्धारित शर्तो क्रमशः पंचायत भवन हेतु भूमि आबादी के नजदीक होना चाहिये, आवागमन हेतु कम से कम 15 फिट चौड़ा मार्ग होना चाहिये, भूमि निर्विवाद होना चाहिये के अधीन भू-स्वामियों के परस्पर समझौते के आधार पर भूमि क्रय करने की प्रक्रिया की जानी है। सम्बन्धित भू-स्वामी शपथ पत्र व खतौनी के साथ सम्बन्धित ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में भूमि विक्रय हेतु सहमति पत्र दिनांक 10 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध करा दें।

# कार्यों में मिली गड़बड़ी, पूर्व प्रधान से रिकवरी का आदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत बूढ़ापार में लगभग 17 लाख रुपये हुए विकास कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी प्रकाश में आई है। वहीं जिला विकास अधिकारी की जांच में इसकी पुष्टि भी हुई है। इस मामले में पूर्व प्रधान से लगभग 6 लाख रुपये रिकवरी का आदेश हुआ है। यह रकम जमा नहीं करने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। ग्राम पंचायत बूढ़ापार में विकास कार्य शौचालय निर्माण सहित अन्य मामलों में बड़े पैमाने पर अनियमितता करके रुपये निकालने का आरोप लगा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर डीडीओ जीपी कुशवाहा ने मामले की जांच किया। जांच में पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत उत्तर सन्तोषजनक नहीं पाया गया। पूर्व ग्राम प्रधान अपने कथन के समर्थन में कोई ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी हैं कि जिससे यह प्रमाणित हो कि उन्होंने रुपयों की हेराफेरी नहीं की है।

# प्राथमिक विद्यालय अमरपुर में परीक्षाफल घोषित किया गया



**वेलकम इंडिया**

**स्याना.**बृहस्पतिवार को ब्लॉक ऊंचागांव के गांव अमरपुर के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक से लेकर पांच तक परीक्षाफल फल घोषित किया गया।जिसमें कक्षा एक में मदीहा कक्षा दो में अब्दुल्लाह कुरेशी कक्षा तीन में नैनसी कक्षा चार में जितेंद्र और कक्षा पांच में दिलशाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया स्थान पर रही वही इस दौरान ग्राम प्रधान गोविंद सैनी ने बच्चों को रिजल्ट व साथ ही स्कूल से निशुल्क पुस्तक के वितरण की उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से बच्चे आसमान छू सकते हैं।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में शिक्षा प्रदान कराए। इस मौके पर स्कूल में स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ भी किया वहीं संचारी रोगों से बचने के लिए अभियान भी चलाया इस मौके पर शालिनी गुप्ता चंचल शिवानी यादव अश्वनी कुमार मन मोहन शर्मा नजमा खानम तेजपाल सिंह सुनीता शर्मा अध्यापक मौजूद रहे।

# झगड़े के दौरान फायरिंग करने के आरोपी को भेजा जेल, एक फरार

**वेलकम इंडिया**



**बुलन्दशहर नरसेना** .बुगरासी चौकी क्षेत्र के गांव चंदियाना में दो दिन पूर्व मामूली बात पर दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान जमकर मारपीट व फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है। जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

बृहस्पतिवार को चंदियाना घटनास्थल पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये। जबकि फायरिंग के दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी को टीम गठित कर तलाश की जा रही है। अतिसंवेदनशील गांव चंदियाना में शांति कायम रख अपराधियों को कानून का एहसास करा दिया जायेगा। आपको बता दें कि बुधवार शाम यामाहा के साइलेंसर से तेज आवाज को लेकर आपसी दो पक्षों में विवाद के साथ जमकर मारपीट हुई। और कई राऊंड हवाई फायर से दहशत का माहौल पैदा हो गया था। स्याना सीओ ने खुद मोर्चा संभालते हुए चौकी व थाना पुलिस के साथ मानिटरिंग की। उल्लेखनीय है कि मामूली विवाद गहराने के दौरान हाथ में लाठी डंडा व हथियार हवा में लहराने के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है।

चंदियाने में हुई फायरिंग के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार अभियुक्त की भी जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।
**-रीतेश कुमार थाना प्रभारी नसेर्ना**

सीओ स्याना प्रखर पांडेय ने बताया। कि फायरिंग वाले असलाह की पुष्टि जांच के बाद ही साफ हो सकेगी। पिस्टल का एक खाली खोखा बरामद हुआ है। और आरोपी फरहत को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स पर अमेरिका में की-नोट स्पीच देंगे डॉ डीपी शर्मा

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान।** 19-20 मई 2025 को अमेरिका के लास वेगास,नेवदा में आयोजित ₹चौथी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स अंतरराष्ट्रीय समिट₹ में ₹टेक्नोलॉजी के भविष्यगामी दुष्प्रभाव और उससे बचने के उपायों₹ पर मुख्य वक्ता के रूप में की-नोट स्पीच देने के लिए प्रख्यात कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं यूएनडीपी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल डिप्लोमेसी विशेषज्ञ डॉ डीपी शर्मा अमेरिका पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर डॉ शर्मा ने बताया कि वे अब साइबर स्वच्छता के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्वच्छता पर भी काम कर रहे हैं। डॉ शर्मा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनियां के उन सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे जिनसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स का उपयोग करते हुए इनके दुष्प्रभावों से आने वाली पीढ़ी और दुनियां को बचाया जा सके। ज्ञात रहे कि डॉ शर्मा पिछले सप्ताह वाचेमो विश्वविद्यालय की एक कांफ्रेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावों एवं दुष्प्रभावों पर विस्तार से दुनियां को आगाह कर चुके हैं। वाचेमो विश्वविद्यालय पहुंचने पर डॉ शर्मा का देश की प्राचीन हड्ईया परंपरा से भव्य स्वागत किया गया एवं यूनाइटेड नेशंस एवं भारत के ध्वज को भी कॉन्फ्रेंस स्थल पर लगाया गया था।

# गोदाम में खड़े 6 ट्रकों में लगी आग

गाजियाबाद। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में स्थित राजबाग कॉलोनी ट्रांसपोर्ट रोड पर गुरुवार को पार्किंग में बड़ा हादसा हो गया। एकसाथ एक से छह ट्रकों में आग फैल गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जैसे तैसे आग पर काबू पाया। वृंदावन गार्डन के पास स्थित गोदाम में खड़े एक ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 6 ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी के पाइप से आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल की कई गाडियां मौके पर पहुंच गई हैं। आग से निकल रहा धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा है। ट्रकों में भरे माल के नुकसान का अभी आकलन नहीं हो पाया है।

# धूमधाम से मनाई गई गुहयराज जयंती

**वेलकम इंडिया**



**राजाखेड़ा धौलपुर।** धौलपुर जिले में संचालित सामाजिक संस्था श्री रामसखा गुह्यराज सेवा समिति(रजि.) धौलपुर द्वारा चैत्र शुक्ल पंचमी को श्री रामचंद्र जी के बाल सखा एवं आत्मीय मित्र श्री निषादराज गुह्यराज जी की जयंती समिति के समस्त कार्यकताओं के प्रयास एवं ग्राम वासियों के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से मनाई गई इस कार्यक्रम का संचालन समिति के सक्रिय सदस्य नरेश (युवाप्रभारी)ने किया कार्यक्रम की शुरूआत रामलाल कुटी श्रीधाम वृंदावन से पधारे हुए भागवताचार्य सुभाषानंद महाराज जी द्वारा हवन पूजन कर की गई इस हवन पूजन में समस्त ग्राम वासियों ने आहुति दी इसके बाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए नव लोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लेखराज एवं आगरा से पधारे हुए जिला परिषद सदस्य रघुवीर सिंह द्वारा भगवान निषादराज , महर्षि कश्यप एवं वीर एकलव्य की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भगवान निषादराज की आरती की गई आरती के बाद इस कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथि एवं भक्तों ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, दुर्व्यसन, दुर्व्यचारों को त्यागने का संदेश दिया एवं ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। डा. लेखराज ने कहा की जो समाज जागरूक नहीं होता अशिक्षित होता है वह समाज किसी भी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाता है अतः फालतू के खर्चों को, कुप्रथा, अंधविश्वास एवं दुर्व्यसनों में किए हुए खर्च पैसे को बचाकर ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को शिक्षा पर खर्च किया जाए तो हमारा खुद का समाज का एवं राष्ट्र का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि रघुवीर ने श्री राम एवं निषादराज जी के बचपन से लेकर उनके साथ मित्रता एवं श्री राम माता जानकी लक्ष्मण जी को केवट द्वारा गंगा पार कराने तक की पूरी जानकारी दी इसके बाद समिति अध्यक्ष पदम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और इसके बाद सभी ग्राम वासियों ने कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों एवं भक्तगणों को भोजन प्रसादी ग्रहण करा कर बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ सभी को विदा किया।

# सीडीपीओ द्वारा चेयरमैन से मांगी गई सूचना के सम्बन्ध में डीएम को लिखा पत्र

**वेलकम इंडिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सीडीपीओ द्वारा चेयरमैन से मांगी गई सूचना के सम्बन्ध में डीएम को पत्र लिखा। डीएम को लिखे पत्र कहा कि नगर पंचायत बढ़नी बाजार में लगभग 12 आंगनवाडी केन्द्र संचालित है। डीएम के द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों पर लाभार्थियों के वजन व लम्बाई चौड़ाई लेने हेतु ग्रोथ मानिटरिंग करने बर्तन इत्यादि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था। वहीं चेयरमैन द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्रों पर बर्तन भोजन हेतु उपलब्ध कराया गया। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि नगर पंचायत बढ़नी क्षेत्र में किसी भी आंगनवाडी केन्द्र पर भोजन नहीं बनाया जाता है न ही पुष्टाहार वितरित किया जाता है।

चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने मौके पर जाकर कुछ आंगनवाडी केन्द्रों पर भोजन एवं पुष्टाहार के बारें में जानना चाहा तो उक्त मोहल्ले के लोगों ने यह बताया कि आंगनबाडी केन्द्रों पर न पुष्टाहार वितरित किया जाता है और न ही भोजन बनाने की कोई व्यवस्था रहती है। जिससे क्षुब्ध होकर बाल विकास परियोजना अधिकारी को अपने पत्र सं0-63 दिनांक 16/12/2024 एवं पत्र सं0-79, 19/02/2025 को पत्र व्यवहार के माध्यम से यह जानना चाहा कि शासन मंशा के अनुरूप कार्य क्यों नहीं हो रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय रांची बांगर में मनाया वार्षिकोत्सव

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** प्राथमिक विद्यालय रांची बांगर में वार्षिक उत्सव मनाया गया साथ ही स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली भी निकाली गई। बच्चों ने रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सबका मन मोह लिया।मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त एवं विशिष्ट खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर के दीप प्रज्वलन कर किया। गोविंद सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। छात्र छात्राओं ने वंदना,स्वागत गीत,देशगीतों प्रस्तुत किए। अतिथियों द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम,द्वितीय,तृतीय पुरस्कार एवं कक्षा 1 से 5 तक शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।प्रधानाध्यापक सुनीता गुप्ता ने मेधावी छात्र छात्राओं को सफलता के टिप्स कर बताए। इस दौरान डीसी राहुल कुमार(निर्माण),डीसी विक्रांत कुमार (प्रशिक्षण),अमित कुमार अद्भुत,प्रधानाचार्य सर्वोदय पब्लिक स्कूल राकेश चौधरी, बीबीआर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन समाजसेवी ठा रामजीलाल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ देवेन्द्र गोस्वामी,जगबीर सिंह,सौरभ चौधरी,गोविंद सिंह सहायक अध्यापक,नागरिक शिक्षा समिति के अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, अर्चना सहायक अध्यापक,रजनी सहायक अध्यापक,हिमांतिका शिक्षामित्र,अनीता रानी अग्रवाल शिक्षा मित्र एवं सुनीता सोनी, श्रीमती मीनू,उषा यादव,ममता आंगनबाड़ी सहित अभिभावक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। संचालन सेवानिवृत्त केनरा बैंक के प्रबंधक ब्रजकिशोर गुप्ता ने किया।

# समस्याओं के समाधान के लिए सीएम से किया मुलाकात



वेलकम इण्डिया/

असदुल्लाह सिद्दीकी

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी में स्थित गांधी आदर्श इन्टर कालेज के समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर संजय सिंह, प्रतिभा सिंह व ग्राम पंचायत औरहवा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पाण्डेय ने मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ से मुलाकात किया। वहीं मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें सभी बिन्दुओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित को मामले का समाधान कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

# मंडलसेरा जीतनगर के वाशिन्दों ने पानी की समस्या को लेकर जलसंस्थान कार्यालय का किया घेराव



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** नगर क्षेत्र के मंडलसेरा के उत्तरी और दक्षिणी वार्ड के पीपल चौक एवं जीतनगर में पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नही मिलने से पेयजल उपभोक्ता आक्रोशित है।नगर के जीतनगर के वाशिन्दों के लिए बनाई गई पेयजल योजना का लाभ भी उपभोक्ताओं को नही मिलने, समुचित रूप से उपभोक्ताओं को मांग अनुसार पानी नही मिलने से उपभोक्ताओं ने गहरी नाराजगी जताई। जनसँख्या और आवासीय इकाइयों के बढ़ने के बाद भी क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था का विभाग द्वारा मांग अनुरूप योजना नही बनाने, गर्मी आने से पूर्व ही क्षेत्र में पानी के लिए त्राहिमाम होने पर उपभोक्ताओं ने सैकड़ो परिवार जल संकट की गम्भीर समस्या से पीड़ित हैं। जल संस्थान द्वारा जो पूर्व में जल संयोजन दिये थे इन में पेयजल की आपूर्ति नही हो पा रही है। जिस के कारण उक्त क्षेत्र में पेथ जल की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गयी है।क्षेत्र के लोग गुरुवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पानी की आपूर्ति नहीं होने से सैकड़ों परिवार परेशान हैं। जल संस्थान में पूर्व में जो कनेक्शन उन्हें दिए थे उनमें पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। अभी से उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। आगे दो महीने भीषण गर्मी पड़ेगी। बगैर पानी के जीवन यापन करना मुश्किल हो जाएगा। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद क्षेत्र में पंपिंग योजना बनाई गई है, लेकिन उसका लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। उन्होंने जल्द योजना शुरू करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।इस मौके पर भैरव दत्त पांडे, भूपेंद्र सिंह, सोनू मलड़ा, गणेश लाल, लाल सिंह, चंचल सिंह, खीम सिंह, भारत सिंह, ईश्वर, राजेंद्र, देवेंद्र सिंह, चंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में एडवांस लाईफ सपोर्ट एंबुलेंस दिलाने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में एंबुलेंस न होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लगातार मरीजों की सुविधा के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अस्पताल में एक और एम्बुलेंस की मांग करने के बाद कोई सुध नही लिए जाने से कांग्रेसी नेताओं में नाराजगी है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चिकित्सालय में एडवांस लाईफ सपोर्ट एंबुलेंस दिलाने की मांग की है।कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष गिरीश कोरंगा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञान सौंपा। कहा कि सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ की उपेक्षा की जा रही है। यहां पर आवश्यक उपकरण नहीं हैं। नाम मात्र के लिए 108सेवा एंबुलेंस सेवा है परंतु अधिकांश समय पर यह मरीजों को मिलती नहीं है तथा कई बार इसके खराब होने की सूचना रहती है। कहा कि यह चिकित्सालय मात्र रेफर सेंटर साबित हो रहा है अधिकांश मरीजों को रेफर किया जाता है परंतु रेफर करने के बाद मरीज को एंबुलेंस नहीं मिल पाती है।उन्होंने कहा कि इस चिकित्सालय में ग्वालदम, पिंगलों व कौसानी समेत रवाईखाल क्षेत्र तक के मरीज आते हैं।

# हिंदी रंगमंच ने सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, मिसेज एशिया विजयता सचदेवा

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** हिंदी रंगमंच ने हमेशा से भारतीय समाज को न केवल मनोरंजन प्रदान किया है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय रंगमंच के इतिहास और संस्कृति का महत्वपूर्ण दिन है हिंदी रंगमंच दिवसह्र। इस दिन हम उस ऐतिहासिक यात्रा को याद करते हैं, जो अपने शुरूआती दिनों से लेकर आज तक तय की है।यह कहना है मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का जो केवी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को पांडेपुर शाखा में हिंदी रंगमंच दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थी।उन्होंने कहा कि

देश में आजादी से पूर्व जब फिल्मों का अविष्कार नहीं हुआ था, तब लोगों के मनोरंजन का साधन रंगमंच ही हुआ करता था। रंगमंच एक ऐसी कला है जो बिना किसी स्क्रीन के साक्षात मनोरंजन उपलब्ध कराता है। आज भले ही सिनेमा ने टीवी सीरियल और अब वेब सीरीज के रूप में अपना विस्तार कर लिया हो लेकिन अभिनय का आधार अभी भी रंगमंच को ही माना जाता है।3 अप्रैल को प्रतिवर्ष हिन्दी रंगमंच दिवस मनाया जाता है। इसी दिन 1868 की शाम बनारस में पहली बार पंडित शीतला प्रसाद त्रिपाठी कृत हिन्दी नाटक ह्वजानकी मंगलह्व का मंचन हुआ। त्रिपाठी ने शास्त्रीय संस्कृत नाटक, पारंपरिक रामलीला और यूरोपीय नाट्य तत्वों को मिलाकर ह्वजानकी मंगलह्व तैयार किया था।जून 1967 में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का इतिहास में पहली बार इस नाटक के मंचन को प्रामाणिक तौर पर पुष्ट किया। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को हिन्दी रंगमंच का जनक माना जाता है। वे आधुनिक हिन्दी साहित्य के भी जनक हैं। हिंदी रंगमंच की स्थापना में काशी नरेश ईश्वरी नारायण सिंह की अहम भूमिका रही।उन्होंने ही अपने दरबारी कवि गणेश को नाटक लिखने को कहा था। गणेश ने जो नाटक लिखा वह पारंपरिक और छंदबद्ध था। विजेता सचदेवा ने कहा कि लेकिन आज दुखद पहलू यह है कि लोगों के दिलों की गहराइयों तक स्पर्श करने वाली यह कला उपेक्षित हो रही है या यूं कहूं दम तोड़ती दिख रही है। आइए इस पवित्र दिन हम सभी संकल्प लें कि हिंदी रंगमंच को एक बार फिर शिखर पर पहुंचाएंगे।इस मौके पर केवी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा किए गये कार्यों विडियो के माध्यम से दशार्या गया। साथ ही भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ के पूर्व छात्र एवं वरिष्ठ रंग कमी नवीन चंद्र ने अंधा युग का पाठ किया मुख्य अतिथि संस्कार भारती काशी महानगर के डॉक्टर रवि शर्मा ने हिंदी रंगमंच एवं भारतेंदु हरिश्चंद्र के विषय में विस्तृत जानकारी साझा की।

मौके पर मुख्य अतिथि ने पांच दिवसीय कैमरा एक्टिव वर्कशाप हिस्सा लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया साथ ही नेशनल अवार्ड से सम्मानित डायरेक्टर के साथ काम करने वाले भारतीय फिल्म और टेलिविजन संस्थान पुणे के छात्र संदीप यादव बनारस के जाने-माने रंगकर्मी लेखक उमेश भाटिया एवं मॉडर्न डिजिटल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर आदित्य मिश्रा को सम्मानित किया।

# एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में गायब महिला को धरती निगल गई या आसमान पुलिस तलाश करने मे नाकाम




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुडग गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कस्बा बक्सर निवासी महिला एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में गायब गायब हो गई थी।जिसको लेकर पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर तलाश करने की गुहार लगाई थी। लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी सिभावली पुलिस तलाश करने में नाकाम। आखिर संदिग्ध परिस्थिति में गायब महिला को धरती निगल गई या आसमान।पीड़ित पति गायब पत्नी को तलाश कराने को लेकर एक सप्ताह पूर्व थाने में तहरी देकर लगाई थी गुहार।

बता दे की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर के गेट पर चाय की टपरी चलाने वाली महिला संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गई थी।जिसकी तलाश करने को लेकर पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर तलाश करने की गुहार लगाई थी। जिसको लेकर एक सप्ताह का बाद भी पुलिस गुमशुदा को तलाश में नाकाम साबित हो रही है।

# अस्पतालो में आने वाले मरीज डाक्टरों के लिए भगवान: डॉ लालजी

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** कपसेठी चौराहे के समीप सकलपुर रोड पर वर्षा क्लीनिक एवं जच्चा-बच्चा केंद्र का उद्घाटन गुरुवार की दोपहर बालरोग विशेषज्ञ डॉ लालजी सिंह पटेल ने फीता काट कर किया। इस दौरान बालरोग विशेषज्ञ डॉ पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में वर्षा क्लिनिक सिर्फ कपसेठी ही नहीं बल्कि दूरस्थ के लोगों को भी स्वास्थ्य का लाभ इस अस्पताल में मिलेगा। आधुनिक मशीनों और चिकित्सकों की देखरेख में अस्पतालो का सफल संचालन हों। उन्होंने कहा कि अस्पतालो में सभी वर्गों का इलाज सेवा भाव के रूप में किया जाना चाहिए।अस्पताल में आने वाले मरीज तो हमारे लिए भगवान है। विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्र सरकार की कई योजनाएं देश के पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही हैं, लेकिन सरकार ही नहीं समाज को भी आगे आना होगा। समाज और जन सहयोग से जब इतना बड़ा प्रकल्प खड़ा हो जाता है,तब मन गर्व से प्रफुल्लित हो जाता है।

उद्घाटन के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में दैनिक परफेक्ट मिशन के का.संपादक एवं पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष श्री घनश्याम पाठक ने कहा कि डॉक्टर हमारे लिए भगवान है, क्योंकि वे इलाज करते समय मरीजों के साथ धर्म,जाति और पंथ के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। यह पेशा समय, कड़ी मेहनत और व्यस्त कार्यक्रम की मांग करता है।कई बार वे जानलेवा बीमारी का इलाज करते हुए अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं।मरीज भी डॉक्टरों पर पूरा भरोसा करते हैं।उद्घाटन समारोह में डॉ उदय वर्मा,विनय कुमार दुबे, पत्रकार प्रेस क्लब वाराणसी के जिला सचिव जितेंद्र अग्रहरि,डॉ आरके पाल,डॉ ओपी वर्मा,डॉ अरविंद पटेल,डॉ आरडी श्रीवास्तव,डॉ रीता वर्मा,डॉ वर्षा वर्मा,डॉ प्रभा पटेल,व्यापार मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ग्रापए के पूर्व जिलाध्यक्ष का पुराने सहपाठियों ने मनाया जन्मदिवस



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' का गुरुवार को 'कालेज फ्रेंड्स ग्रुप' की ओर मेंहदीगंज स्थित गजीबो रेस्टोरेंट में धूमधाम से जन्मदिवस समारोह मनाया गया। जनता इंटर कालेज (खोचवां) में वर्ष 1995 में शिक्षा ग्रहण के दौरान सहपाठी रहे दर्जनों पुराने मित्र व शुभचिंतक देरशाम रिंगरोड किनारे जुटे।केक कटा मस्ती हुई और लतीफ व्यंजनों का लुत्फ उठाया।पुरानी यादें ताजा होने के साथ ही ठहाके लगे।पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने वाले शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' को वाट्सएप, फोन व फेसबुक पर काफी संख्या में विभिन्न राजनीतिक जनप्रतिनिधियों व शुभचिंतकों ने बधाई संदेश दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह उर्फ अखंड प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभम सिंह व जान्हवी सिंह उपस्थित रही। जन्मदिवस समारोह में भाजपा नेता विनय सिंह 'हिटलर', स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम, डा.एम.मुस्तफा, बीड़ीएसपी पीजी कालेज के प्रबंधक राजीव गौतम, सीताराम हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डा.शैलेन्द्र चतुवेर्दी (अनिल), तहसील बार एसो.के पूर्व महामंत्री नंदकिशोर पटेल, सेवानिवृत्त फौजी डीके उर्फ प्रदीप सिंह व संजय मौर्या, लक्ष्मी सेवा सदन के प्रबंधक डा.चंद्रशेखर मौर्या, योगेश सिंह, डा.आशुतोष उपाध्याय, दीनदयाल विश्वकर्मा (आर्टिटेक), दिनेश सिंह (बल्ली), कामेश मिश्रा, राजन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष उपेंद्र सिंह 'पिन्टू', सौरभ इंटरप्राइजेज (खजुरी) के सभाजीत यादव, अभिषेक त्रिपाठी (पत्रकार), राकेश सिंह, जितेंद्र द्विवेदी समेत अन्य साथी उपस्थित रहे।

# अपनी जनता पार्टी की संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रथ यात्रा पहुंची अम्बेडकर पार्क

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शक्तिशाली देश कहे जाने वाले अमेरिका में रहते हुए वहां अनाधिकृत रूप से रह रहे भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारत भेजने के मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं बोलना उचित समझे। यह चुप्पी आने वाले समय में भारत के लिए खतरनाक साबित होगा। ये बातें उत्तर प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री, अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कही। वह गुरुवार को जिला मुख्यालय के कृष्णानगर वार्ड स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में सामाजिक परिवर्तन आंदोलन के महानायक कांशीराम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री, अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकारें बनने के बाद से बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है। सरकारी नौकरियां गायब है। स्कूलों में मास्टर नहीं हैं, जिसके चलते सूबे में 27 हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया गया, यह कहकर कि बच्चे ही नहीं है। सच्चाई यह है कि इनके पास शिक्षक ही नहीं है। भर्ती करना बंद रखा है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, प्राइवेट में महंगे इलाज करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना देख रहे प्रधानमंत्री ने देश के 80 करोड़ की जिदंगी को मुफ्त राशन पर लाकर टिका दिया है। हिंदू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद की चर्चा कर भाजपाई सिर्फ सर्वसमाज को लड़ाने का कार्य कर रहे हैं। अब समय भाजपा सरकारों के धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के चक्कर में न पड़कर मोदी और योगी सरकार को हटाने, डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए लड़ने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि सड़क पर कुछ घंटों के लिए नमाज पढ़ना गुनाह, जबकि महीने भर सड़कों पर कंवारियों के जत्थे से जाम की स्थिति न होने जैसी बात कहने वालों के मुंह से शोभा नहीं देता है। जिला प्रभारी सुरेंद्र कुमार मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी के रूप में भगवती प्रसाद सागर, कोरी सुभाष चंद्र, गुलाब मौर्य, आरके मौर्य, दिलीप चौधरी, फिरोज सिद्दीकी, सालिक राम, राम लौट बौद्ध आदि की उपस्थिति रही।





# शहीद भगत सिंह अन्तर्राष्ट्रीय गौरव अवार्ड 2025 से पुरस्कृत हुए बागपत के विपुल जैन

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के सिविल लाईन्स में स्थित शाह आड़िटोरियम में उड़ान एक पहल फाउंडेशन द्वारा शहीद भगत सिंह अन्तर्राष्ट्रीय गौरव अवार्ड 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। समारोह में इंटरनेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को शहीद भगत सिंह अन्तर्राष्ट्रीय गौरव अवार्ड 2025 से इंटरनेशनल हयूमन राईट प्रोटेक्शन काउंसिल के फाउंडर व चेयरमैन डाक्टर टीएम ओंकार द्वारा पुरस्कृत किया गया।



आयोजनकर्त्ता उड़ान एक पहल फाउंडेशन के चेयरमैन दीपक मित्तल ने बताया कि शहीद भगत सिंह अन्तर्राष्ट्रीय गौरव अवार्ड 2025 ऐसे लोगों को प्रदान किया गया है जिन्होने अपने कार्यो से मानवता को विश्वभर में गौरवान्वित किया है। बताया कि विपुल जैन एक बेहतरीन इंसान है और पूर्व में भी इंटरनेशनल और नेशनल स्तर की अनेकों संस्थाओं और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनको सम्मानित किया जा चुका है। दीपक मित्तल ने बताया कि विपुल जैन निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से लोगों को इंसाफ दिलाने और समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है और साम्प्रदायिक सौहार्द की अनुपम मिसाल है। विपुल जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा नरेन्द्र जैन, पिता सुदर्शन जैन, माता रेनु जैन, गुरूजनों सहित उन सभी समस्त शुभचिंतकों व सहयोगियों को दिया, जिन्होंने उनको नेक कार्यो को करने के लिए जागरूक किया और जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए तन-मन-धन से हर कदम पर उनका साथ दिया। विपुल जैन ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि में वे सभी महान लोग बराबर के साझेदार है, जिनके सहयोग, आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से वर्ष 2023-2024 में मुझे नवजीवन प्राप्त हुआ है। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व मेजर जनरल डाक्टर जीडी बक्शी, यादविन्द्र सिंह सिंधू सहित देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों को आमंत्रित किया गया था।

# पंचामृत अभिषेक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा एवं पदाधिकारियों ने किया यमुना पूजन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** यमुना छठ के अवसर पर परशुराम शोभा यात्रा समिति के तत्वाधान में ऐतिहासिक तीर्थ स्वामी घाट पर यमुना महारानी का पंचामृत अभिषेक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा एवं पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में यमुना महारानी के विग्रह का पूजन किया गया एवं विशाल पंचामृत अभिषेक आचार्य बलदेव के नेतृत्व में कराया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में संस्कृत के आचार्य मंत्र उच्चारण कर रहे थे। कार्यक्रम के अंत में यमुना महारानी की आरती की गई एवं पंचामृत व प्रसाद भक्तों को बांटा गया। शाम को यमुना महारानी का



भव्य फूल बंगला सजाया गया एवं छप्पन भोग के मध्य यमुना महारानी भक्तों को दर्शन दिए। कार्यक्रम के अंत में यमुना महारानी की महा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# टीबी मुक्त हुई ग्राम पंचायतों के प्रधान हुए सम्मानित

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर :** देश को टीबी मुक्त बनाने में ब्लॉक की 10 ग्राम पंचायतें अहम भूमिका निभाएंगी। यह ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। गुरुवार को पहासू ब्लॉक की 10 पंचायतों के टीबी मुक्त होने की घोषणा के साथ ही ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सौ दिवसीय खोजी अभियान के तहत ब्लाक में 6 सौ से अधिक की स्कैनिंग कराई गई। जिसमें 109 मरीज मिले हैं।



पहासू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में ग्राम प्रधान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डा. मनोज कुमार, एसटीएलएस रवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से टीबी मुक्त हो चुकीं ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 में टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको हासिल करने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इस क्रम में जिन ग्राम पंचायतों में तीन साल तक नजर रखी जाती है, उनको पहले साल कोई रोगी न मिलने पर कांस्य पदक से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष 10 पंचायतें टीबी मुक्त की गई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि इस वर्ष ब्लॉक की 10 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई है।

इन पंचायत कांस्य पदक के लिए चयनित हुई हैं। गुरुवार को इन पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करते हुए ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। वर्तमान में ब्लॉक क्षेत्र में कुल 180 मरीज उपचाराधीन हैं। इस दौरान बीसीपीएम बीना, बीपीएम अनिल कुमार, सर्वेंद्र शर्मा, ग्राम प्रधान लाल सिंह, सपना देवी, पहलाद सिंह, नेम सिंह, राहुल पाठक, रानी, सुनीता देवी, धीरपाल, राजेश, रविकरण सिंह, जगवीर सिंह आदि मौजूद रहे पहासू ब्लॉक की ग्राम पंचायत समसपुर, सिद्धगढ़ी, अहमदगढ़, कुंवरपुर, कसूंमी, फतेहाबाद, बमनपुरी, रिसालू, उटरावली, अनौना गांव टीबी मुक्त होने पर सम्मान दिया गया। सभी ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। इन ग्राम पंचायतों में कोई भी टीबी मरीज नहीं है।

# मामूली सी कहासुनी पर दबंगों ने पिता पुत्रों पर किया हमला सिर में चोट लगने पर हायर सेंटर रेफर

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** बच्चे बच्चों की मामूली सी कहासुनी में दबंग पिता पुत्रों ने मौहल्ला वंशीधर निवासी पिता पुत्रों को उनके घर के सामने ही घेर कर लोहे की रॉड व लाठी डंडों से जमकर पीटा जिससे पिता पुत्र खून से लथपथ बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े तब मोहल्ले वालों ने उनको गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको एक्सरे आदि के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दे दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। प्राप्त विवरणनुसार मौहल्ला वंशीधर निवासी पीड़ित सलीम पुत्र अनबार ने बताया कि उनका नाबालिक पुत्र बीती रात अपने घर के बाहर खेल रहा था तो पड़ोस में किराए के मकान में रह रहे आतिफ ने पीड़ित के 12 वर्षीय पुत्र अर्श को पीटना शुरू कर दिया मौके पर अपने पुत्र को बचाने



पहुंचे पीड़ित सलीम व उनके नाबालिक पुत्र सुबहान के रहीस, आतिफ पुत्र रहीस, नवेद पुत्र रहीमुद्दीन व जावेद पुत्र रहीमुद्दीन ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया तथा दबंग गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। सिर पर हुए हमले से पिता पुत्र घायल होकर जमीन पर गिर पड़े तथा मौहल्ले वालों ने उनको हॉस्पिटल पहुंचाया जिस पर पिता पुत्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

घर के सामने हुए हमले से पीड़ित का परिवार आतंकित होकर अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही करने की बात कह रही है।

# यमुना षष्ठी महोत्सव पर श्रीजी पीठाधीश्वर श्री ठाकुरजी बाबा के तत्वावधान में हुआ यमुना पूजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** माथुर चतुर्वेद समाज की आदि गुरु गद्दी श्री श्रीजी पीठ के तत्वावधान में यमुना षष्ठी महोत्सव पर भगवती कात्यायनी यमुना जी का वैदिक व तंत्रोक्त क्रम से पूजन व अर्चन, पंचामृत अभिषेक, महाआरती आदि पुण्य तीर्थ विश्राम घाट पर बुधवार को श्रीजी पीठाधीश्वर १०८ श्री ठाकुरजी बाबा महाराज, श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा के सान्निध्य में शिष्यगण एवं भक्तो द्वारा किया गया। नवरात्रों के षष्ठ दिवस की अधिष्ठात्री भगवती कात्यायनी है भगवती श्री यमुना जी ही कात्यायनी स्वरुप है। यमुना छठ उत्सव पर प्रमुख रुप से कपिल बाबा, भास्कर बाबा, वाली पाठक, अजय पाठक, विजय पाठक, चिंताहरी चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी लाला पंडित, गजेन्द्र अग्रवाल, अंगद आदि भक्त मौजूद रहे।

# पार्षद ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजकर रखी मांग



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** नगर निगम वार्ड सं0-31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र में बलभद्र कुंड का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्वार कराने व मथुरा नगर निगम में 150 एमएलडी गंगाजल उपलब्ध कराने की मांग की है। उपरोक्त विषय अंतर्गत निवेदन है कि वर्तमान में राज्य और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल जीवन योजना के अंतर्गत घर-घर मीठे पानी के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। लेकिन मथुरा विधानसभा नगर निगम मथुरा के वार्ड 31 के लोग अभी तक खारा पानी पीने को मजबूर हैं नगर निगम द्वारा गंगाजल के नाम पर हाथ खड़े कर दिए जाते हैं ग्रीष्म ऋतु का आवागमन हो चुका है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये वार्ड सं0-31,37,44,47,54 एवं 68 के अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में गंगाजल की आपूर्ति नही हो रही है, उन सभी क्षेत्रवासियों को पेयजल की काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत के लिये 150 एम०एल०डी० गंगाजल की आपूर्ति कराये जाने हेतु मा० मुख्यमंत्री जी नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के लिये पेयजल की समस्या का निराकरण कराने का कष्ट करें वार्ड 31 नवनीत नगर सुखदेव नगर में शीघ्र गंगा जल उपलब्ध कराने के आदेश देने की कृपा करें लंबे समय से वार्ड 31 के वासियों द्वारा मीठे पानी के कनेक्शन देने की मांग की जा रही है शहर वासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पूरे वार्ड 31 में घर-घर मीठे पानी के कनेक्शन देने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है व वार्ड-31 भूतेश्वर परिक्रमा मार्ग पर अखाडे के पास बलभद्र कुण्ड है। जो तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत आता है इसमें पौराणिकता के अनुसार नवीनीकरण के साथ सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्वार करवाया जाये।

इस कुण्ड को पौराणिकता को जीवंत बनाने और उसे भव्य एव आकर्षक स्वरूप प्रदान करने का कार्य किया जाये कुण्ड पर आकर्षक फ्लोरिडा के कार्य के साथ ही विश्राम घर, बाउंड्रीवाल, प्रवेश द्वार, आर्कषक व्याख्या दिवार, शौचालय, बेंच, आदि और परिसर में आकर्षक फूल पौधे रोपित किये जायें।

# रोवर रेंजर शिविर का दूसरा दिन विभिन्न गतिविधियां संपन्न



**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में चल रहे तीन दिवसीय रोवर रेंजर शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ कषि संकाय के डीन प्रो हरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण करके किया। अपने संबोधन में उन्होने प्रतिभागियों से शिविर का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया। रोवर लीडर डा मनीष मिश्रा ने स्कार्फ पहना कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य प्रशिक्षक पवन कुमार राठी ने कैंप की महत्ता पर प्रकाश डाला। रोवर रैंजर, स्काउट गाइड कब बुलबुल की श्रेणी, उद्देश्य बताये। इनके सामाजिक योगदान को बताया। स्वागत ताली सैल्यूट ताली की विधि, समय तथा प्रकार समझाये। टोली बनाकर कार्य बताये।

# शहरी क्लब चले गांव की ओर




वेलकम इंडिया

- रोटरी क्लब ने आदर्श जनता इण्टर कॉलेज में बनवाया शौचालय
- 3.70 लाख को सुलभ सुविधा केंद्र का लोकार्पण

**मथुरा।** शहरी क्लब अब गांव में सेवा कार्य को आगे आने लगे हैं। वजह साफ है भारत गांवों का देश है। गांवों को सजाना -संवारना होगा तभी देश आगे बढ़ेगा। इसी क्रम में रोटरी क्लब आफ मथुरा रेसनल ने अड़ींग स्थित आदर्श जनता इण्टर कालेज में 3.70 लाख से सुलभ शौचालय का निर्माण बेटियों के लिए कराया है।

रोटरी क्लब मथुरा द्वारा गांव अड़ींग में सेवा-संकल्प क्रम में कुछ सेवा कार्य शुरू किए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा तथा शिक्षण माहौल प्रदान करना है। 3.70 लाख की लागत से निर्मित सुविधा केंद्र का लोकार्पण गणमान्य जनों की मौजूदगी में 3 मार्च को किया गया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन एवं विद्यालय के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी लाला जगत प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर क्लिक के अध्यक्ष अमित मित्तल, सचिव सौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित मित्तल सराफ, संस्थापक अध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष वरुण अग्रवाल, सर्विस चेयर पर्सन जितेंद्र गोयल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरनारायण राम, पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम दास गुप्ता, शिक्षक त्रिभुवन नाथ शर्मा, ब्रज किशोर, चैतन्य शर्मा, सुरेश अग्रवाल, शाहबुद्दीन, ताराचंद धनगर, राजेन्द्र, चंद्रभान, प्रतिभा कुंतल, प्रमिला शर्मा, अमरकांत त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन कमलेश यादव ने किया।

# ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता का आकलन 75 बिंदुओं पर मॉकड्रिल के माध्यम से किया गया

**शिकारपुर/** सीएचसी शिकारपुर पर स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता का आकलन 75 बिंदुओं पर मॉकड्रिल के माध्यम से डॉ हरेंद्र बंसल, डीआईओ के द्वारा किया गया। जिसमें ऑक्सीजन प्लांट की गहनता से जांच की गई ऑक्सीजन प्लांट सुचारू रूप से चालू स्थिति में मिला सीएचसी के सभी 30 बैडों पर मरीजों के लिए ऑक्सीजन की सप्लाई सुचारू रूप की जा रही है, डॉ हरेंद्र बंसल के द्वारा बताया गया है कि ऑक्सीजन एक आवश्यक औषधि है जिसकी निर्बाध आपूर्ति की आवश्यकता अनेक परिस्थितियों में एक मूलभूत जीवन रक्षक औषधि के रूप में होती है, मॉकड्रिल के समय सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ शशि शेखर सिंह डा0 केसी राय, डॉ योगेश आर्य, डॉ आशीष शर्मा, महेश भाटी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, चंदगीराम फार्मासिस्ट, वीरेश गोस्वामी फार्मासिस्ट, मुनीश कुमार डॉ रोहित कुमार आदि सीएचसी स्टाफ उपस्थित रहा।

# संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज के 77वें बरसी भंडारे के अवसर पर उन्हें अपनी प्यार भरी श्रद्धांजली दी

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली:** सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज (27 जुलाई 1858 - 2 अप्रैल, 1948) के 77वें बरसी भंडारे के अवसर पर कृपाल बाग में हजारों की संख्या में उपस्थित भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज ह्लप्रभु की ज्योति और दिव्य-प्रेम के जीते-जागते स्वरूपह्व थे।





संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, ह्लहजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज ज्योति स्वरूप थे, जिन्होंने लाखों लोगों को अंधकार से प्रकाश रास्ता दिखलाया। उन्होंने ध्यान-अभ्यास और अध्यात्म की देन से सभी के जीवन को रोशन कर दिया ताकि वो मनुष्य जीवन के प्रमुख ध्येय जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को पूरा कर सकें। आज जबकि हम उनके 77वें बरसी भंडारे के अवसर पर इकट्ठे हुए हैं तो यह दिन उनकी अपार दयामेहर को याद करने और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालने का दिन है। हजूर वो ज्योति स्वरूप मार्गदर्शक थे, जिन्होंने लाखों लोगों को अपने अंतर में प्रभु की ज्योति से जुड़ने में मदद की। उन्होंने प्रेम, करुणा और नम्रता जैसे गुणों को हमारे अंदर भरकर हमारे जीवन को बदल दिया और प्रभु-प्राप्ति के सर्वोच्च उद्देश्य की ओर हमारा मागदर्शन किया। जब हम ध्यान-अभ्यास में बैठते हैं और एक पवित्र आध्यात्मिक जीवन जीते हैं, तभी हम सही तरीके से हजूर का सम्मान करते हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने इस बात पर भी जोर दिया कि हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज का प्रेम और एकता का संदेश धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं से परे पूरी सृष्टि के लिए था, तभी उन्होंने अपनी आध्यात्मिक दौलत को दोनों हाथों से लुटाते हुए लाखों लोगों के लिए अध्यात्म का मार्ग खोल दिया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी को लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शांति अवेदना सदन, राज नगर, नई दिल्ली में कैंसर से पीड़ित भाई-बहनों को मिशन की ओर से दवाईयाँ, सब्जियाँ, फल व अन्य उपयोगी वस्तुओं का मुफ्त वितरण किया गया। हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज का जन्म 27 जुलाई 1858 को ग्राम महिमासिंहवाला, जिला लुधियाना, पंजाब में हुआ। अपनी शिक्षाओं के माध्यम से उन्होंने हमें यह गूढ़ सत्य बताया कि मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य प्रभु-प्राप्ति है, इस करके हम सब प्रभु की संतान हैं। अपने जीवनकाल में ही हजूर ने भविष्यवाणी की थी कि पश्चिम के देशों में रूहानियत बड़ी तेजी से फैलेगी। उनके पश्चात परम संत कृपाल सिंह जी महाराज और दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज ने उनकी इस आध्यात्मिक मशाल को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाकर उनके मिशन को आगे बढ़ाया। आज भी वही दिव्य-प्रकाश संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के द्वारा हम सबका मार्गदर्शन कर रहा है। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को आंतरिक ज्योति और श्रुति पर ध्यान-अभ्यास के माध्यम से अंतरीय और बाहरी शांति को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने पिछले 35 वर्षों से शांति, प्रेम और मानव एकता का संदेश फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। ध्यान-अभ्यास के विश्व-विख्यात गुरु और लेखक के रूप में वे संपूर्ण विश्वभर के लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# आरकेजीआईटी में टेक्निकल उत्सव तत्व-2025 का आयोजन 4 व 5 अप्रैल को

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** मेरठ रोड स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में टेक्निकल उत्सव तत्व -2025 का आयोजन 4 और 5 अप्रैल को किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक, हॉबी एक्टिविटीज और खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी। संस्थान के छात्र छात्राओं के अलावा अन्य कॉलेजों से भी बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं इसमें भाग ले रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा ने बताया कि वार्षिक उत्सव तत्व-2025 का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। यह उत्सव विद्यार्थियों के प्रतिभा प्रदर्शन और टीम स्पिरिट को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर होगा। स्टूडेंट एक्टिविटी कॉउन्सिल के चेयरमैन आलोक त्यागी ने बताया कि आरकेजीआईटी संस्थान अपने स्थापना के 25 साल पूरे कर रहा है और इसलिए इस वर्ष रजत जयंती समारोह मना रहा है। इस रजत जयंती समारोह के अंतर्गत कई कार्यक्रम सितंबर 2025 तक आयोजित हो रहे हैं। टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-2025' ऐसे ही कार्यक्रमों में से एक है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों में अंतर महाविद्यालय समूह नृत्य, अंतर महाविद्यालय नुक्कड़ नाटक, एक्सटेम्पोर, रैंप वॉक, बैंड प्रदर्शन, एकल गायन, एकल नृत्य, स्किट, युगल गायन, युगल नृत्य, खेल गतिविधियों में अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन, अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल, अंतर महाविद्यालय कबड्डी, अंतर महाविद्यालय शतरंज, टेबल टेनिस, रस्साकशी, बास्केटबॉल और खो-खो खेल, साहित्यिक गतिविधियों में अंतर महाविद्यालय स्क्रीमलेस (अंग्रेजी), अंतर महाविद्यालय अभिव्यक्ति (ओपन माइक), हिंदी कविता, अंग्रेजी कविता, एड मैड शो, वाद-विवाद (हिंदी), नारा लेखन, जैम, समूह चर्चा, केस स्टडी (पीपीटी), विश्व संसद, कोलाज मेकिंग गतिविधियां और शौक गतिविधियों में अंतर महाविद्यालय लैन गेमिंग, अंतर महाविद्यालय रोबो रिले, मेहंदी, 3डी रंगोली, फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग, फन जोन, वेब डिजाइनिंग, कोडिंग, सुरम्य, लाइन फॉलोवर शोडाउन, ब्रिज मेकिंग, रोडीज एक्सट्रीम, वॉल पेंटिंग का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान संस्थान के एडवाइजर प्रो.लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ.डी.के.चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच.जी.गर्ग, डीन एकेडमिक डॉ.आर.के.यादव, डीन ईआईआई डॉ.पुनीत चंद श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ.रामेंद्र सिंह, छात्र गतिविधि परिषद के अध्यक्ष आलोक त्यागी, सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रिया शर्मा, खेल परिषद के संयोजक विकास त्यागी, साहित्य परिषद की संयोजक डॉ.नीना शर्मा, हॉबी परिषद के संयोजक वैभव शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत राठी एवं डॉ. संजीव गोयल मौजूद रहे।

# भाजपा ने हर वर्ग के लिए निरंतर कार्य किए और करती रहेगी: चंद्रमोहन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री चंद्रमोहन की गरिमामय उपस्थिति में जिला बैठक जिला कार्यालय नेहरू नगर पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी ने जिसने हर वर्ग के लिए निरंतर कार्य किये और करती हैं। भाजपा पार्टी सभी वर्ग के लोगो की उन्नति के लिए नयी नयी योजनाएं लाती हैं। जिसका सभी लोगों को फायदा मिल सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चैनपाल ने कार्यकताओं को आगामी आयामों के विषय में जानकारी दी और सभी आयामों पर संयोजको की नियुक्ति कर जिम्मेदारी सौपी साथ ही उन्होंने अपने उधद्बोधन में कहा कि हमें भाजपा के सभी आयामों को सफल बनाना हैं। पार्टी की रीति नीतियों की जानकारी बूथ स्तर पर पंहुचानी हैं,ताकि सभी लोग भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सके। इस अवसर पर मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, डॉ पर्मेन्द्र जांगड़ा सुधीर पगड़ी ने भी अपने विचार व्यक्त किये और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ भाजपा देश और प्रदेश में सबके हित के कार्य कर रही है। भाजपा को आमजन का सहयोग मिल रहा है। बैठक में मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी मोर्चो के जिलाध्यक्ष मण्डल अध्यक्ष आयामों के जिला संयोजक विधानसभा संयोजक मण्डल संयोजक सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी जिला गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष अरुण कसाना के नेतृत्व में किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों का गन्ना का पेमेंट आवारा पशु आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर गाजियाबाद जिला अधिकारी आवास पर जिलाधिकारी दीपक मीणा से मुलाकात की जिले में जो मोदी शुगर मिल पर किसानों का गन्ने का पेमेंट बकाया है उसको जल्द से जल्द कराया जाए गाजियाबाद जिले के गांवो में आवारा पशुओ से किसानों की फैसले बर्बाद हो रही है जल्द से जल्द आवारा पशुओं को गांवो में एक अभियान चलाकर पकड़वाया जाए अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम से वार्ता की गई।

# मेले में दुकानों की व्यवस्था को लेकर हिंदू समाज के लोगों ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ।** सीकरी महामाया देवी मेले की व्यवस्था को लेकर हिंदू समाज की तरफ से एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी महोदया डॉ पूजा गुप्ता को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सीकरी खुर्द स्थित ऐतिहासिक महामाया मंदिर परिसर के आसपास हिंदू व सिक्ख धर्म को छोड़कर अन्य धर्म के लोगों द्वारा प्रसाद,फल, फूल,खिलौने व अन्य सामानो को बेचने वाली दुकानों को तत्काल प्रभाव से मेले परिसर से हटाया जाए। क्योंकि पूर्व में भी समुदाय विशेष के लोगों द्वारा फल प्रसाद व खाने पीने की चीजों में थूक व मूत्र मिलाए जाने की घटनाएं देश भर में घटित हो चुकी है तथा भविष्य में किसी भी हिंदू भाई बहन आस्था व श्रद्धा को चोट न पहुंचे। हिंदू समाज के लोगों ने यह भी बताया कि बहुत से हिंदू भाई बहन अपने नाम से मेले परिसर में दुकान का ठेका लेते हैं लेकिन इसके पश्चात वह अपनी दुकान धन के लालच में ज्यादा किराए पर किसी अन्य धर्म के लोगों को बेच देते हैं जिससे सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचने की संभावना बन जाती है। सीकरी मंदिर के सरकारी स्कूल के सामने कुछ ठिये समुदाय विशेष के लोगों के हैं व कुछ ठिये गेट नम्बर 3 के बाहर है जिनको पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बंद कर दिया गया था लेकिन प्रशासनिक सुस्ती के कारण विशेष समुदाय के लोगों ने मौका पाते ही अपने ठिये दोबारा खोल लिए। हिंदू संगठन के लोगों ने यह भी कहा कि प्रत्येक दुकान पर दुकान के मालिक व दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारी के नाम व मोबाईल नम्बर स्पष्ठ अंकित होने चाहिए जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संगठन की तरफ से विवेक,नरेश दीक्षित,दीपक, डिम्पल, पंकज कंसल, विक्रम, कृष्ण पाल, अरुण, सीमा ? व कविता चौधरी,राज वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

# मुहम्मद जैद का मनाया गया जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव दुधारा निवासी मुहम्मद परवेज अख्तर के पुत्र मुहम्मद जैद का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान केक काटा गया। इस अवसर पर मुहम्मद मुस्तफा, मुहम्मद परवेज अख्तर, मुहम्मद अदनान, मुहम्मद रेहान, मुहम्मद कैफ, कोकब माज, मुहम्मद उस्मान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीधाम वृन्दावन का अत्यधिक प्राचीन एवं सिद्ध स्थल है श्रीकृष्ण काली पीठ

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** गोपीनाथ बाजार स्थित श्रीकृष्ण काली पीठ में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में दस दिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ श्रीकृष्ण काली पीठाधीश्वर डॉ. केशवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।

जिसके अंतर्गत वैदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा नित्य श्रीदुर्गा सप्तशती पाठ, श्रीदुर्गा चालीसा पाठ एवं हवन आदि के अनुष्ठान भी विधि-विधान से आयोजित हो रहे हैं। डॉ. केशवाचार्य महाराज ने कहा की श्रीकृष्ण काली पीठ मंदिर श्रीधाम वृन्दावन का अत्यधिक प्राचीन एवं सिद्ध स्थल है ।जिसमें प्रतिष्ठित देवी की प्रतिमा अत्यंत चमत्कारी है ।यहां वर्ष के दोनों नवरात्रों में विश्वकल्याणार्थ शतचंडी महायज्ञ आयोजित किया जाता है ।जिसमें दूर-दराज के असंख्य भक्त श्रद्धालु अत्यंत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन में कृष्णोपासना के अलावा मां दुर्गा की उपासना भी अत्यंत श्रद्धा के साथ की जाती है। इसका प्रमाण यहां आने भक्तों व श्रद्धालुओं की असंख्य संख्या स्वयं प्रगट करती है।

# पोषण पखवाड़ा मनाए जाने से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में प्र0 जिला विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक संजय कुमार नायक व डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी की उपस्थिति में *पोषण पखवाड़ा* मनाए जाने से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया कि जनपद में दिनांक *08 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा* जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पोषण पखवाड़ा से संबंध में बताया की पोषण पखवाड़ा विभिन्न विभागों के सहयोग से जन समुदाय को स्वास्थ्य, पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के द्वारा जन समुदाय को जागरूक करना है। इसमें सभी महत्वपूर्ण विभागों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम विकास, पंचायती राज, समाज कल्याण, युवा और खेल, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा उनके विभाग से संबंधित स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित कार्यक्रमों को चला कर जन समुदाय को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

# स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निदेर्शा पर गुरुवार को पी एम श्री संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय महुआरी,पीएम श्री विद्यालय बाघनानगर,कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां,कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेमरियावां और कंपोजिट विद्यालय दुधारा में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने बैंड बाजा के साथ गांव के गली कूचों में जाकर नारा लगाते हुए आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे, पापा मम्मी भूल न जाना स्कूल में चलकर नाम लिखाना, हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर के करो पढ़ाई जैसे नारों के साथ गांव में घूम घूम कर शिक्षा के अलख जागते हुए लोगों को जागरूक किया गया। एसएमसी अध्यक्ष श्री मिथुन कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अली हुसैन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार अनिल, जफीर अली, अब्दुर्रहीम, डॉ आशीष कुमार, कांता शर्मा ने रैली का नेतृत्व कर सेवित बस्ती में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। स्कूल चलो रैली कार्यक्रम में जलालुद्दीन,नसीबा खातून,साजिदा खातून,अनीसा खातून,मुबारक हुसैन,किरण चौधरी,नुजहत बतूल,खुर्शीद जहां,सरवरी खातून,कम्मू बेगम, आनंद प्रकाश, अशोक कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुशवाहा ,श्रीमती विदुषी मिश्रा, सोहनलाल, बाबूलाल, अब्दुर्रहमान ,शम्मू बेगम ,वहीदा खातून आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# पंत पार्क में बुजुर्गों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करने की मांग

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित पंत पार्क में बुजुर्गों के बैठने के लिए गोविंदपुरी उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी द्वारा कुछ कुर्सियों की व्यवस्था करने की मांग पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली से की गई थी। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने मांग स्वीकार करते हुए तुरन्त नई कुर्सियां पार्क में भिजवा दी। जितेंद्र चौधरी सहित अनेक लोगों ने पालिका चेयरमैन को तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष अजय माहेश्वरी, सह कोषाध्यक्ष मनोज सिंघल, सलाहकार गुरमीत सिंह, पप्पू विश्नोई, महामंत्री जीतेंद्र त्यागी, वैभव जिंदल आदि मौजूद रहे रहे।

# वीर मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्य तिथि मनाई




वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** राजा के ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय और प्रसिद्ध विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल (रवाना शिकारपुर) में भारतीय सेना के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जन्म दिवस पर तथा वीर मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्य तिथि पर विद्यालय परिसर में उनके द्वारा किए गए महान कार्यो पर प्रकाश डालते हुए एक बाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने दोनों ही महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने छत्रपति शिवाजी के जीवन से संबंधित कुछ प्रेरणादायक तथ्यों को विद्यार्थियों के सामने रखा तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी। प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने भारतीय सेना के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के युद्ध कौशल व वीरता के कारनामे बच्चों को संक्षेप में बताए। जिनको सुनकर बच्चों में देश प्रेम और प्रेरणा की लहर दौड़ गई। सभा में विद्यार्थियों प्रज्ञा, जोनू, अंशिका, मयंक ने महापुरुषों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये। सभा का संचालन प्रिंस कुमार राणा ने कुशलता पूर्वक किया।

# विद्यालय संचालन के लिए प्रधानाचार्य ने की स्टाफ मीटिंग

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में शैक्षिक सत्र 2025-26 के सकुशल संचालन के लिए स्टाफ मीटिंग की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक श्री इस्तियाक अंसारी व संचालन श्री कमरे आलम सिद्धिकी ने किया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने विद्यालय संचालन का एजेंडा सभी शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किया। उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये और विद्यालय के सकुशल संचालन के लिए परामर्श दिया। बैठक में फसीहुद्दीन, अब्दुस्सलाम, मोहम्मद युनुस, मोहम्मद शाहिद, औबेदुल्लाह, जुबैर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनैद अहमद,सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# शराब ठेके के विरोध में स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 में मैक्स अस्पताल और सन वैली स्कूल, मॉडर्न स्कूल, फादर एंजल स्कूल एवं पुलिस मॉडर्न स्कूल के नजदीक रिहायशी इलाके में शराब का ठेका खोले जाने के प्रस्ताव के विरोध में क्षेत्रीय जनता ने जमकर प्रदर्शन किया।

गुरुवार को पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय निवासियों ने इस फैसले के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की और स्पष्ट किया कि वे यहां किसी भी कीमत पर ठेका नहीं खुलने देंगे। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि इस विषय को लेकर कल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधानसभा के विधायक श्री सुनील शर्मा से मुलाकात की जाएगी, ताकि इस प्रस्ताव को तुरंत रद्द कराया जा सके। साथ ही, इस विषय में आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। विरोध प्रदर्शन में शामिल बड़ी संख्या में महिलाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने कहा कि स्कूलों और अस्पतालों के पास शराब का ठेका खोला जाना समाज के लिए घातक साबित होगा। इससे बच्चों और स्थानीय निवासियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, साथ ही क्षेत्र की सुरक्षा और शांति व्यवस्था भी प्रभावित होगी। इस प्रदर्शन में समाजसेवी सुभाष शर्मा, डॉ. राजकुमार, घनश्याम गुप्ता, दिनेश लाखेड़ा, नुकुल गुप्ता, लक्ष्मीकांत, अशोक वर्मा, डॉ. नमित वार्ष्णेय, मोहन दास, अर्चना, सपना, लीला, गीता, परवीन, आरुषि, रूपाली, रमा, पार्वती, कुसुम, पूनम रस्तोगी, नीलम, सोनिया, सविता वर्मा, अमरा देवी, रेखा समेत सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और शराब के ठेके के खिलाफ आवाज बुलंद की। स्थानीय जनता ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि यह ठेका बंद नहीं किया गया, तो प्रदर्शन और आंदोलन तेज किया जाएगा।

## लू से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बढ़ते तापमान और हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निदेर्शानुसार गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि गर्मी और लू से बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में 12 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इस दौरान लू लगने का खतरा सबसे अधिक होता है। यदि बहुत आवश्यक हो तो सिर, चेहरा और शरीर को ढककर ही घर से बाहर निकलें।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए नींबू पानी, लस्सी, ओआरएस का घोल और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। उन्होंने सलाह दी कि हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें, ताकि शरीर को ठंडक मिले और पसीना आसानी से सोखकर गर्मी से राहत मिल सके। हीट वेव के दौरान शराब, चाय और कॉफी के अधिक सेवन से बचने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। यात्रा के दौरान हमेशा पानी की बोतल साथ रखें और अत्यधिक गर्मी महसूस होने पर गीले कपड़े से चेहरा, गर्दन और सिर को ठंडा करें। घरों में हवा के उचित प्रवाह के लिए खिड़कियां खुली रखें और कमरे को ठंडा बनाए रखने के लिए हल्के पर्दों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि बच्चों और पालतू जानवरों को किसी भी परिस्थिति में धूप में खड़ी गाड़ी में न छोड़ें, क्योंकि इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हीट वेव के प्रभाव को कम करने के लिए घर की निचली मंजिल पर रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि ऊपरी मंजिलों पर गर्मी का असर ज्यादा होता है। खाना बनाते समय रसोई की खिड़कियां और दरवाजे खुले रखने चाहिए, ताकि गर्म हवा बाहर निकल सके। लू के लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता लेने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने जनता से अनुरोध किया है कि गर्मी के इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें और हीट वेव से बचने के लिए बताए गए उपायों का पालन करें, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी गंभीर समस्या से बचा जा सके।

## प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन, मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर प्रथम में गुरुवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी त्यागी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बीते सत्र में शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करना था।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि शासन द्वारा डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते, मोजे और बैग के लिए धनराशि अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है, लेकिन इसके अतिरिक्त विद्यालय अपने स्तर पर बच्चों को टाई, बेल्ट, आईकार्ड और हाउस ड्रेस भी उपलब्ध कराता है। साथ ही, निजी विद्यालयों की तर्ज पर गृहकार्य लेखन हेतु डायरी की भी व्यवस्था की जाती है। विद्यालय में बालवाटिका और कक्षा 1 के छात्रों के लिए अभ्यास व लेखन पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। विद्यालय से उत्तीर्ण होकर कक्षा 5 के छात्रों को विशेष संदेश पत्र देकर अभिनंदन किया गया। नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र देवांश वर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, वहीं पूरे सत्र में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र अंकुश को स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ओम प्रकाश यादव ने विद्यालय की निपुणता की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालयों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना एक बेहतरीन पहल है।

## 5 अप्रैल को निकलेगी भव्य पंखा शोभायात्रा


वेलकम इंडिया

**दूधेश्वर नाथ मंदिर एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के आशीर्वाद से नवरात्रि के तहत विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।**

**गाजियाबाद।** चैत्र नवरात्रि के छठे दिन शहर के प्रसिद्ध श्री त्रिपुर सुंदरी वाला चतुभुर्जी देवी मंदिर में मां कात्यायनी की भक्ति और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस पावन अवसर पर मंदिर में विशेष अनुष्ठान एवं हवन का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मंदिर के महंत गिरिशानन्द गिरि महाराज ने बताया कि श्रीमंहत नारायण गिरी जी महाराज, पीठाधीश श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के आशीर्वाद से नवरात्रि के तहत विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज मां कात्यायनी की पूजा विधिवत रूप से की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कात्यायनी ऋषि कात्यायन की पुत्री मानी जाती हैं और दानवों एवं राक्षसों के नाश के लिए पूजी जाती हैं। भक्तों का विश्वास है कि उनकी आराधना से सभी संकटों से मुक्ति और सफलता प्राप्त होती है।

शिव मंदिर पटेल नगर के महंत विजय गिरी जी महाराज ने बताया कि आज के दिन भक्तजन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पीले वस्त्र धारण करते हैं और मां कात्यायनी की प्रतिमा की विधिपूर्वक पूजा करते हैं। इस अवसर पर मां को शहद, फूल, नारियल और मिठाइयों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ में विद्वान पंडितों एवं आचार्यों ने मंत्रोच्चारण किया, जबकि साधु-संतों एवं भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर एस. सुथार, मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह, विजय गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, श्रीमहंत गिरजानन्द गिरि महाराज, मोहित ठाकुर, हिमांशु पाराशर, विनित त्यागी, ममता शर्मा, रुप गिरि महाराज, सतवीर चौधरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर समिति के अनुसार, 5 अप्रैल को भव्य पंखा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकलेगी। इस शोभायात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में माता के जयकारे लगाते हुए शामिल होंगे। नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर गाजियाबाद के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, और भक्तगण पूरे भक्ति भाव से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।



## आईटीएस डेंटल द्वारा मार्च माह में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का 4500 मरीजों ने उठाया लाभ

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजनाओं के तहत 3 मार्च से 8 मार्च तक विभिन्न शिविरों के साथ-साथ मार्च 2025 माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविरों का आयोजन किया गया। जहां एमएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक आउटरीच गतिविधियों में भाग लिया औज जरूतरमंदो की जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीति विकसित की और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों और समुदाय के वंचित वर्ग को मौखिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4500 मरीजों के विभिन्न षिविर लगाये जिसमें पांची, जलालाबाद, मसूरी, भोपुरा, लाजपत नगर, लोनी, मोदीनगर, समयपुर, कचेड़ा, नंदग्राम, फरूकनगर इत्यादि।

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पारित, सबका साथ, सबका विकास की जीत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में 288 वोटों के समर्थन और 232 वोटों के विरोध के बावजूद पारित हो गया। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने खुशी जताते हुए इसे न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम करार दिया। सरदार एस.पी. सिंह ने कहा, मोदी सरकार ने बिना किसी तुष्टिकरण के यह साबित कर दिया है कि देशहित और जनहित ही सर्वोपरि हैं। इस फैसले से देश में एकरूपता आएगी और कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से लागू होगा। विपक्ष ने इसका विरोध जरूर किया, लेकिन अंततः 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति की जीत हुई है। उन्होंने आगे कहा कि देश के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग होना चाहिए और सभी समुदायों के लोगों को एक समान अधिकार मिलना चाहिए। इस संशोधन के बाद वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और किसी भी प्रकार के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा। सरदार एस.पी. सिंह ने जनता से अपील की कि वे सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन करें और सभी नागरिकों के लिए समान कानून और अधिकारों की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ें।

## लोहा विक्रेता मंडल का टूनार्मेंट शुरू

**गाजियाबाद।** लोहा विक्रेता मंडल के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष की वीवीआईपी क्रिकेट ग्राउंड नेहरू नगर स्टेडियम में दिन रात्रि का मैच प्रारंभ हुआ। प्रथम मैच जिंदल सूर्या रॉक्स और डीएनएम रुंगटा फोर्स के मध्य हुआ। मैच का उदघाटन गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन और चेयरमैन जयकुमार गुप्ता ने किया।

जिंदल सूर्या रॉक्स की टीम के कप्तान नीरज गर्ग ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। डीएनएम रुंगटा फोर्स की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए बहुत अच्छी शुरूआत की और पहले ही ओवर में पारस अग्रवाल द्वारा ताबड़तोड़ चौके मारते हुए 21 रन बनाए। डीएनएम रूंगटा ने 161 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और जिंदल सूर्या रॉक्स की टीम के सामने जीत के लिए 162 रन का लक्ष्य रखा। जिंदल सूर्या रॉक्स टीम की शुरूआत भी बहुत अच्छी हुई और पहले ओवर में 21 रन बनाए गए परंतु बीच में पारी लडखड़ा गई और 19 में ओवर में अंतिम विकेट खोकर 122 रन पर पूरी पारी सिमट गई।

## सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर उग्र विरोध

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराजा राणा सांगा के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध की लहर तेज हो गई है।

देशभर में जगह-जगह उनके पुतले फूंके जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा राजनगर मंडल के अनुज राघव और युवा नेता सुमित चौहान ने अपने सहयोगियों हिमांशु ठाकुर और सैकड़ों कार्यकताओं के साथ सपा सांसद के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले गाजियाबाद कचहरी से लेकर आरडीसी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय तक सपा सांसद के पुतले की सांकेतिक शव यात्रा निकाली। इसके बाद सपा कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए पुतले को चप्पल-जूतों की माला पहनाकर दहन कर दिया। इस दौरान अनुज राघव और हिंदू संगठनों के अन्य कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सपा सांसद को पार्टी और संसद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए उन पर कानूनी कार्रवाई की भी मांग की। मीडिया से बातचीत में अनुज राघव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं और समय-समय पर देश के वीर योद्धाओं और हिंदू आस्था का अपमान कर रहे हैं।

## 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक बूथ स्तर पर रहेंगे प्रवासी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस को लेकर गाजियाबाद में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में गुरुवार को महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में एक कार्यकारी बैठक का आयोजन कवि नगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में किया गया। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक समेत वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। इसी ऐतिहासिक पड़ाव के बीच 6 अप्रैल 2025 को भाजपा का स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर, कार्यालयों और घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण किया जाएगा। साथ ही मिठाइयां वितरित कर स्थापना दिवस की खुशियां साझा की जाएंगी। सभी कार्यकताओं को अपने लगाए गए ध्वज के साथ #नस्त्र८५ह्य२३इँ१३ हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थापना दिवस के बाद 7 से 12 अप्रैल 2025 तक गांव चलो अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष स्तर से ऊपर के सभी कार्यकर्ता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि गांव और शहर के वार्डों में प्रवासी बनकर रहेंगे।

## सोसाइटी निवासियों की सतर्कता से चोर रंगे हाथों पकड़ा

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में लगातार हो रही चोरियों से परेशान निवासियों ने गुरुवार को एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पेट्रोल चोरी करते समय संदिग्ध गतिविधियों के चलते सतर्क निवासियों और सिक्योरिटी गाड्र्स ने उसे दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पूछताछ में चोर की पहचान रशीद (कैला भट्टा निवासी) के रूप में हुई, जो लंबे समय से बंद फ्लैटों और वाहनों को निशाना बना रहा था। विजयनगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उससे अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।


## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदको ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय / वाणिज्यिक / किराये की / नजूल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण / नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. सं. | मूल आवंटी / पट्टाधारक/ स्वामी का नाम | भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री दौलत राम ठाकुर पुत्र श्री के० सी० ठाकुर | भवन जे०107 पटेलनगर | पटेलनगर, गाजियाबाद | श्री सुनील सिंह ठाकुर पुत्र स्व० श्री दौलत राम ठाकुर | निवासी-जे0 जे०107 पटेलनगर 1 गाजियाबाद (उ0प्र0) मो0 9873076088 | आवंटी श्री दौलत राम ठाकुर पुत्र श्री के० सी० ठाकुर इनकी मृत्यु दिनाक 03.12.2023 को हो जाने के कारण | विक्रय विलेख सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड / भवन / फ्लैट के अन्तरण / नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियों सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/ नामांतरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चातृवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहा० प्रभारी सम्पत्ति जोन-3